डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com





आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -09 अंक -163 | प्रयागराज ,बुधवार,06,सितम्बर, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने बढ़ाई सड़क निर्माण की रफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** यह चुनावी साल है, जिसमें केंद्र सरकार अपने कामकाज की सबसे स्पष्ट झलक देने वाली सड़क परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ाने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को



अपने मंत्रालय के अफसरों से तीन लाख करोड़ रुपये की ऐसी सड़क परियोजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत करने के लिए कहा, जिन्हें तत्काल शुरू किया जा सकता है। यह चुनावी साल है जिसमें केंद्र सरकार अपने कामकाज की सबसे स्पष्ट झलक देने वाली सड़क परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ाने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को अपने मंत्रालय के अफसरों से तीन लाख करोड़ रुपये की ऐसी सड़क परियोजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत करने के लिए कहा जिन्हें तत्काल शुरू किया जा सकता है। सड़क परिवहन मंत्रालय, एनएचएआई और एनएचआइडीसीएल के क्षेत्रीय अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा करते हुए नितिन गडकरी ने तीखे तेवर भी दिखाए। उन्होंने अफसरों को मौजूदा परियोजनाओं में तेजी लाने के साथ नए प्रोजेक्टों पर भी काम करने के लिए कहा। नई परियोजनाओं पर गडकरी का जोर इसलिए अहम है, क्योंकि एक तो सरकार बुनियादी ढांचे के विस्तार को सबसे अधिक प्राथमिकता देने के अपने मिशन में आगे बढ़ते रहना चाहती है और दूसरे, पिछले साल सड़क निर्माण के लक्ष्य से पिछड़ने की कसर इस साल पूरा करना चाहती है। गडकरी ने कहा कि अब मैं इस मूड में हूं कि अगर काम नहीं किया गया तो अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा।

## पीएम मोदी ने पिछले नौ साल में कितनी बार ली छुट्टी, आर टी आई से हुआ खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले नौ साल के कार्यकाल में



एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। एक आरटीआइ के जरिए यह जानकारी सामने आई है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से आरटीआइ के जवाब में कहा गया है कि पीएम मोदी ने बीते नौ वर्षों में देश और विदेश में 3000 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। पुणे के एक सिविल राइट एक्टिविस्ट प्रफुल्ल शारदा को आरटीआइ से ये जानकारी मिली है। प्रफुल्ल शारदा ने आरटीआइ के जरिए पीएमओ से जानकारी मांगी थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से अब तक कितने दिन आफिस में उपस्थिति दर्ज कराई है एक भी दिन नहीं ली छुट्टी इस पर पीएमओ की ओर से बताया गया कि पीएम मोदी लगातार ड्यूटी पर हैं। उन्होंने कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद से एक भी दिन भी छुट्टी नहीं ली है। पीएमओ ने 31 जुलाई 2023 को ये जवाब दिया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट एक्स पर आरटीआइ की एक प्रति साझा की है।

## घोषणा पत्र के मसौदे पर भी चीन लगा रहा अड़ंगा, आम सहमति बनाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे शेरपा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के केवल चार दिन शेष रह गए हैं। इस बीच सदस्य देशों के शेरपाओं (शीर्ष वार्ताकार) ने सोमवार को इस



सम्मेलन के लिए नेताओं के घोषणा पत्र के मसौदे को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए व्यापक बातचीत की। जी 20 2023 सदस्य देशों के शेरपाओं ने आज सम्मेलन के लिए नेताओं के घोषणा पत्र के मसौदे को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए व्यापक बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि चीन को एजेंडे की बातों के विभिन्न पहलुओं पर आपत्ति है जिसके परिणामस्वरूप आम सहमति बनाने में कठिनाइयां हो रही ह अधिकारियों ने बताया कि जी-20 शेरपाओं ने मुख्य रूप से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य शासन की रूपरेखा बनाने, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने के कदम उठाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तपोषण और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। शेरपाओं की तीन दिवसीय बैठक हरियाणा के नूंह जिले में आइटीसी ग्रैंड भारत होटल में हो रही है। बैठक की अध्यक्षता भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि चीन को एजेंडे की बातों के विभिन्न पहलुओं पर आपत्ति है, जिसके परिणामस्वरूप आम सहमति बनाने में कठिनाइयां हो रही हैं। चूंकि जी-20 सर्वसम्मति के सिद्धांत पर काम करता है, इसलिए किसी एक सदस्य देश का अलग दृष्टिकोण बाधा उत्पन्न कर सकता है। नेताओं के घोषणा पत्र का मसौदा समावेशी व सतत विकास, हरित विकास, बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार और डिजिटल परिवर्तन जैसी भारत की प्राथमिकताओं पर आधारित है।घोषणा पत्र के मसौदे में अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता देने का भारत का प्रस्ताव भी शामिल है। यह ज्ञात नहीं है कि इस प्रस्ताव पर पूर्ण सहमति है या नहीं। भारत के सामने यूक्रेन संकट का उल्लेख करने को लेकर आम सहमति बनाने की भी चुनौती है। पश्चिमी देशों और रूस-चीन गठबंधन के बीच मतभेदों के कारण भारत को इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में कठिनाई हो रही है। रूस और चीन बाली घोषणा पत्र में यूक्रेन संघर्ष संबंधी दो पैरा पर सहमत हो गए थे, लेकिन इस वर्ष वे इससे पीछे हट गए हैं जिसके कारण भारत के लिए मुश्किलें पैदा हो गई हैं। वित्त और विदेश मंत्रियों की बैठक समेत भारत की जी-20 अध्यक्षता में हुईं लगभग सभी प्रमुख बैठकों में रूस और चीन के विरोध के कारण यूक्रेन संघर्ष से संबंधित किसी भी पाठ पर आम सहमति वाला दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।

## देश में कार्यालय में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्ती में छह प्रतिशत की गिरावट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मुंबई।** कार्यालय में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्ती में अगस्त में छह प्रतिशत की गिरावट



दर्ज की गई। देश में सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी), बीमा, वाहन, स्वास्थ्य-देखभाल और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) सेक्टर में सतर्क रुख के चलते भर्तियां कम हुईं। इस साल अगस्त में कंपनियों ने 2,666 लोगों को नौकरी पर रखा जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 2,828 था। नौकरी जाबस्पीक सूचकांक के अनुसार मासिक आधार पर अगस्त 2023 में नौकरियों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई 2023 में 2573 नौकरियां मिलीं थीं। नौकरी जाबस्पीक एक मासिक सूचकांक है जो भारतीय रोजगार बाजार की स्थिति को बताता है। यह नौकरी डाट काम पर नियोक्ताओं द्वारा निकाली गईं नौकरियों और नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर भर्ती गतिविधियों की जानकारी देता है। नौकरी जाबस्पीक सूचकांक के अनुसार, मासिक आधार पर अगस्त, 2023 में नौकरियों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई, 2023 में 2,573 नौकरियां मिलीं थीं। नौकरी जाबस्पीक एक मासिक सूचकांक है, जो भारतीय रोजगार बाजार की स्थिति को बताता है। यह 'नौकरी डाट काम' पर नियोक्ताओं द्वारा निकाली गईं नौकरियों और नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर भर्ती गतिविधियों की जानकारी देता है। नौकरी डाट काम के चीफ बिजनेस आफिसर पवन गोयल ने कहा, पिछले कुछ महीनों में आई गिरावट के बाद अब आइटी सेक्टर में कुछ सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं।

## नौसेना कमांडरों की बैठक में समुद्री ढांचे को बढ़ावा देने की योजना जारी, सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने पर मंथन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को समुद्री बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की 15 वर्षीय योजना का अनावरण किया। वहीं, नौसेना



प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नौसेना तीनों सेनाओं के एकीकरण की दिशा में थलसेना और वायुसेना के साथ मिलकर काम कर रही है। एडमिरल हरि कुमार दिल्ली में आयोजित नौसेना कमांडरों के तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारतीय नौसेना ने सोमवार को समुद्री बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की 15 वर्षीय योजना का अनावरण किया। वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नौसेना तीनों सेनाओं के एकीकरण की दिशा में थलसेना और वायुसेना के साथ मिलकर काम कर रही है। एडमिरल हरि कुमार दिल्ली में आयोजित नौसेना कमांडरों के तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के तरीकों पर मंथन किया जा रहा है। सम्मेलन में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट ने मेरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर पर्सपेक्टिव प्लान (एमआइपीपी) 2023-37 जारी किया। नौसेना ने कहा कि एमआइपीपी का लक्ष्य एक व्यापक योजना माडल के जरिये अगले 15 वर्षों में नौसेना की बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करना है। योजना दस्तावेज स्थायी बुनियादी ढांचे के निर्माण संबंधी सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## आदित्य एल1 ने दूसरी कक्षा में सफलतापूर्वक किया बदलाव, इसरो ने जारी किया नया अपडेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि आदित्य-एल1 मिशन पृथ्वी से जुड़ी दूसरी कक्षा (ईबीएन 2) को बदलने में कामयाब रहा है। इसरो ने कहा कि यान अगली कक्षा 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर बदलेगा। इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस बदलाव के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया और इसकी पूरी जानकारी दी। इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस बदलाव के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया। इसरो ने बताया कि आदित्य-एल1 मिशन पृथ्वी से जुड़ी दूसरी कक्षा (ईबीएन 2) को बदलने में कामयाब रहा है। इसरो ने कहा कि यान अगली कक्षा 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर बदलेगा। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च




किया था। इस मिशन के तहत यान में सूर्य का विस्तृत अध्ययन करने के लिए सात अलग-अलग पेलोड भेजे गए हैं, इसमें से चार सूर्य से प्रकाश का निरीक्षण करेंगे और अन्य तीन प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र के इन-सीटू मापदंडों को मापेंगे। आदित्य-एल1 सूर्य के व्यापक अध्ययन के लिए समर्पित एक उपग्रह है, जो सूर्य के बारे में अज्ञात तथ्यों का पता लगाएगा। उपग्रह 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षाओं में यात्रा करेगा, इस दौरान इसे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आवश्यक गति प्राप्त करने के लिए पांच प्रक्रियाओं से गुजरना होगा।इसके बाद, आदिया-एल1 कई कक्षाओं से गुजरेगा जिसमें 110 दिन लगेंगे। उपग्रह थ1 बिंदु तक पहुंचने के लिए लगभग 15 मिलियन किलोमीटर की यात्रा करेगा।

## मोदी के नेतृत्व में राकेट की गति से बढ़ रहा भारत, ब्रिटिश अखबार ने बांधे प्रधानमंत्री की तारीफों के पुल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की आज दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। भारत राकेट की गति से आगे बढ़ रहा है। प्रमुख ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ ने लिखा



है कि विवादों से भरी भारतीय राजनीति को पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक स्थिरता मिली है, जिससे समस्याओं को सुलझाने में उन्हें मदद मिली। इसी का परिणाम है कि सरकार कानून में सुधार, कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के लिए कदम बढ़ा सका टेलीग्राफ में दो सितंबर को अपने लेख में बेन राइट ने लिखा कि भारत क्षमतावान है और सामने चुनौतियां भी हैं। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल कर उपलब्धयां अर्जित कर रहा है। लेखक ने इसी कड़ी में हाल में भेजे गए चंद्रयान-3 की सफलता का विशेष रूप से उल्लेख किया में दो सितंबर को अपने लेख में बेन राइट ने लिखा कि भारत क्षमतावान है और सामने चुनौतियां भी हैं। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल कर उपलब्धयां अर्जित कर रहा है।लेखक ने इसी कड़ी में हाल में भेजे गए चंद्रयान-3 की सफलता का विशेष रूप से उल्लेख किया। कहा, चांद पर साफ्ट लैंडिंग कराने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ (वर्तमान रूस) और चीन ही ऐसा कर पाए हैं। बेन राइट ने कहा कि ठीक इसी समय रूस ने भी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश की, लेकिन विफल रहा। दुनिया भर की राजधानियों में पीएम मोदी के लिए रेड कार्पेट बिछाने की होड़ रही। इस दौरान एयर इंडिया ने 470 एयरबस और बोइंग का आर्डर लेकर विश्व कीर्तिमान रच दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आकलन के अनुसार, 2023 में भारत सबसे तेज उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, इसके अगले पांच वर्ष तक बने रहने की उम्मीद है लेख में कहा गया कि यह भारत की धमक का प्रतीक है कि एपल ने इस साल मुंबई और दिल्ली में अपना पहला रिटेल आउटलेट खोला। इलेक्ट्रानिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फाक्सकान ने आइफोन बनाने के लिए भारत में यूनिट खोलने की घोषणा की।

## 'महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में मिलेगा उचित प्रतिनिधित्व', उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जयपुर।** संसद के विशेष सत्र से पहले महिला आरक्षण बिल को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संविधान में संशोधन के साथ महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलेगा। जिसके बाद 2047 से पहले ही भारत को ठनंबर एकठ देश बना देगा। राजस्थान के जयपुर में महारानी महाविद्यालय की छात्राओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ठजहां तक संविधान का सवाल है, मैं चाहता हूं कि आप लड़कियां ध्यान दें - पंचायतों और नगर पालिकाओं में सभी चुनावों में लड़कियों और महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण मिलता है। यह आरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की गरिमा को हमारी संस्थाओं पर कोई कालिख लगाए और हम बर्दाश्त करें ये हमारी संस्कृति नहीं है। हमें आगे चलकर फ्रंटफुट पर खेलना चाहिए। मैंने महिला शक्ति को निकट से देखा और परखा है। मैं तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा। उन्होंने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं जिन्हें जादूगर भी कहा



जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 और आदित्य-एल1 अंतरिक्ष मिशनों के पीछे ठदूरदृष्टि और वैज्ञानिक स्वभावठ की मजबूत महिलाएं थीं, जिन्होंने भारत को गौरव दिलाया। महिलाओं को राष्ट्र के विकास में योगदान देना होगा क्योंकि वे ठइसमें 50 प्रतिशतठ हैं। 2022 में भारत की प्रति व्यक्ति डेटा खपत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन की तुलना में अधिक थी। इसलिए हमें भारतीयों पर गर्व होना चाहिए। नई शिक्षा नीति पर धनखड़ ने कहा, ठशिक्षा क्षेत्र में नई शिक्षा नीति एक महत्वपूर्ण मोड़ है, एक बड़ा मील का पत्थर है, जो तीन दशकों के बाद विकसित हुआ है। सभी हितधारकों को एकजुट होना पड़ा। यही कारण है कि हमारे पास नए अवसर हैं। आप कभी भी तनाव में न रहें। यदि आपके पास कोई अच्छा विचार आता है, तो उसे अपने दिमाग में न रखें, उस पर अमल करें, असफल होने से न डरें। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज भारत मजबूत स्थिति में है, लेकिन पता नहीं कुछ लोग क्यों मतबूत भारत को मजबूर दिखाना चाहते हैं। मजबूरी की बात करने वालों को जवाब देना आप सभी का काम है। उपराष्ट्रपति सोमवार को जयपुर स्थित महारानी कालेज में राष्ट्रीय निर्माण में महिलाओं की भागीदारी विषय पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप आलोचक बनें। समझदारी से काम लीजिए, लेकिन अपनी बात रखिए। अंत में निर्णय देश के पक्ष में होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की गरिमा को, हमारी संस्थाओं पर कोई कालिख लगाए और हम बर्दाश्त करें, ये हमारी संस्कृति नहीं है। हमें आगे चलकर फ्रंटफुट पर खेलना चाहिए। मैंने महिला शक्ति को निकट से देखा और परखा है। मैं तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा। उन्होंने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं, जिन्हें जादूगर भी कहा जाता है।

## हिंद-प्रशांत को हम बड़ी शक्तियों का मंच बनते नहीं देखना चाहतेः इंडोनेशिया की राजदूत ईना कृष्णमूर्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**जी-20 बैठक से ठीक दो दिन पहले पीएम नरेन्द्र मोदी आसियान बैठक में हिस्सा लेने के लिए 06-07 सितंबर, 2023 को जकार्ता (इंडोनेशिया) जा रहे हैं। यह बताता है कि भारत आसियान को कितनी अहमियत दे रहा है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो से भी मुलाकात करेंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति 08 सितंबर को फिर नई दिल्ली आएंगे और शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इंडोनेशिया की भारत में राजदूत ईना कृष्णमूर्ति ने दैनिक जागरण के विशेष संवाददाता जयप्रकाश रंजन से साथ दोनो देशों के रिश्तों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर बात की। पेश है साक्षात्कार



का प्रमुख हिस्सा। सवालः पीएम मोदी जल्द ही जर्काता होंगे और उनकी राष्ट्रपति विदोदो से मुलाकात भी होगी। दोनो नेताओं के बीच किन मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है जवाबः अगले वर्ष दोनो देश अपने कूटनीतिक रिश्तों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। ऐसे में दोनो नेताओं के बीच अभी तक के रिश्तों की उपलब्धियों और भावी चुनौतियों पर बात हो सकती है। दोनो देश गरीबी दूर करने, महिलाओं का सशक्तिकरण करने, ढांचागत क्षेत्र के विकास करने जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, कारोबार व निवेश, डिजिटल विकास जैसे मुद्दे भी हैं। हम चाहते हैं कि भारत इंडोनेशिया में बन रही नई राजधानी में निवेश करे। दोनों नेता एक दूसरे के पुराने दोस्त हैं और मुझे लगता है कि इनके बीच दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। सवालः हाल ही मे भारत व इंडोनेशिया के वित्त मंत्रियों ने आर्थिक व वित्तीय सहयोग के लिए अलग से वार्ता करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य क्या है जवाबः हमारी सरकार इस वार्ता को भारत के साथ द्विपक्षीय आर्थिक रिश्ते को और मजबूत बनाने के तौर पर देख रही है।

# ससुराल में फंदे पर लटका मिला महिला का शव परिजनों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट गंगानगर थाना उतराव क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर इलाक़े में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव रायबरेली स्थित एचडीएफसी बैंक में बैंक मैनेजर पर कार्यरत। मृतक युवती के भाई शरद शर्मा ने बताया कि शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चलता रहा, करीब एक गया आपकी बेटी फांसी पर लटकी हुई है। सूचना पाकर लड़की के घर वाले रोते बिलखते लड़की के ससुराल पहुंचते हैं। मृतका के परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस को



घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के साथ महिला की हत्या का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रयागराज जनपद के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैनुआ गांव की रहने वाली हीरालाल शर्मा परिवार की 24 वर्षीय पुत्री कोमल शर्मा की थाना उतराव क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर गांव के रहने वाले वीरेंद्र शर्मा के बड़े बेटे पवन शर्मा से वर्ष 2021 में 29 मई को शादी हुई थी। लड़का साल से मेरे बहन को ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा किसी न किसी चीज़ की डिमांड कर प्रताड़ित किया जाने लगा। शादी के दौरान हम लोगों की जितनी हैसियत थी बहन को दहेज रूपी सामान दिया। बीते रक्षाबंधन पर भी बहन राखी बांधने के लिए घर पर नहीं आ पाई। यह कहकर बहन को नहीं भेजा गया बहन अगर जाएगी तो अकेले जाएगी अपनी बेटी जिसकी उम्र 9 माह है उसे छोड़ कर जाए। आखिरकार मेरी बहन अपनी बिटिया को छोड़कर ही इस दुनिया से चली गई। ससुराल पक्ष द्वारा 4 सितम्बर की सुबह 4 बजे के आस पास फ़ोन कर लड़की के मायके वालों को बताया सूचित किया जाता है। सूचना पाकर घटनास्थल पर उतराव पुलिस टीम पहुंचती है, फंदे पर लड़की मृतिका का शव उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर दी गई ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के साथ हत्या का आरोप लगाते हुए। वही प्राप्त तहरीर के आधार पर उतराव पुलिस पति समेत सास, ससुर, देवर और नंद के खिलाफ, अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी। मामला हत्या का है या आत्महत्या का पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। देर शाम पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को मृतिका का शव दाह संस्कार के लिए मिला।

# हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर गठित एसआईटी जांच में रिटायर जज एच एन पांडेय शामिल


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हाईकोर्ट का निर्देश-एसआईटी शीघ्र जांच पूरी कर सील कवर में कोर्ट में पेश करें रिपोर्ट लाठी चार्ज घटना की एसआईटी को अंतरिम रिपोर्ट 15 को पेश करने का निर्देश एसपी हापुड़ वकीलों की भी प्राथमिक दर्ज कर कर जांच करें यूपी बार काउंसिल समेत प्रदेश के सभी बार एसोसिएशनों से 5 सितंबर से काम पर लौटने का अनुरोधत् प्रयागराज 4 सितंबर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज की घटना को लेकर आज एक स्वत कायम याचिका पर सुनवाई शुरू कर दी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के कहने पर हाईकोर्ट ने लखनऊ के रिटायर प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट हरिनाथ पांडेय को हापुड़ में वकीलों पर पुलिस लाठी चार्ज की घटना को लेकर सरकार द्वारा गठित एसआईटी जांच में बतौर सदस्य शामिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने एसआईटी को निर्देश दिया है कि वह शीघ्रातिशीघ्र सील कवर में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने इस बीच एसआईटी को निर्देश दिया है कि वह इस केस की अगली सुनवाई की तिथि 15



सितंबर को 2:00 बजे इस घटना को लेकर अपनी एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करें। उक्त आदेश पारित करते हुए चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर एवं जस्टिस एम सी त्रिपाठी की खंडपीठ ने एसपी हापुड़ को निर्देश दिया है कि वह वकीलों की भी प्राथमिक को दर्ज करें तथा उसकी भी विवेचना नियमानुसार की जाए। हाई कोर्ट इस केस की अब 15 सितंबर को सुनाई करेगी। कोर्ट ने उक्त आदेश पारित कर कहा है कि उसे आशा व उम्मीद है कि यूपी बार काउंसिल व प्रदेश के अन्य बार एसोसिएशन, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन तथा लखनऊ की अवध बार एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट द्वारा हड़ताल को लेकर पारित आदेश का सम्मान करते हुए मंगलवार 5 सितंबर से न्यायिक कार्य प्रारंभ करेंगे। उक्त आदेश पारित करने से पूर्व कोर्ट ने प्रदेश के अपर महाधिवक्ता से पूछा कि वह सरकार से बात कर बताएं कि किसी न्यायिक अधिकारी को गठित एसआईटी में शामिल करने से सरकार को कोई आपत्ति तो नहीं है। इस पर सरकार की तरफ से बताया गया की सरकार को किसी न्यायिक अधिकारी को टीम में शामिल करने में कोई आपत्ति नहीं है। सरकार भी निष्पक्ष विवेचना चाह रही है।

# ट्रेन में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले में सीजे आवास पर रात को लगी अदालत, सरकार से जवाब तलब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के सरयू एक्सप्रेस में अर्धनग्न अवस्था में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले का इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। इस मामले में सीजे के व्हाट्सएप पर पत्र याचिका मिलने के बाद रात को अदालत लगाई गई। कोर्ट ने रेलवे और अयोध्या जिले के पुलिस अधिकारियों को सोमवार को पूरी जानकारी के साथ मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में तलब किया है। सरयू एक्सप्रेस में खून से लथपथ मिली महिला सिपाही के मामले में रात आठ बजे मुख्य न्यायाधीश के आवास पर अदालत लगाई गई। दोपहर करीब सवा तीन बजे इस मामले से जुड़ा एक संदेश मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर के व्हाट्सएप आया। मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लेते हुए रात आठ बजे अपने आवास पर अदालत लगाने का फरमान जारी कर दिया। अदालत बैठने की सूचना महाधिवक्ता को दी गई। तय समय पर रात आठ बजे सीजे आवास पर हाईकोर्ट का स्टॉफ, सरकारी वकील और याची अधिवक्ता पेश हुए। मुख्य न्यायधीश



प्रीतिकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सुनवाई शुरू की याची अधिवक्ता राम कौशिक ने 1 मीडिया और सोशल रिपोर्ट का हवाला देते मामले की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि अदालत इस मामले का स्वत संज्ञान ले हाईकोर्ट में राज्य सरकार के शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने बताया कि इस मामले को लेकर अधिवक्ता राम कौशिक ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र याचिका प्रेषित की थी। कोर्ट ने पत्र याचिका का संज्ञान लिया है। रेलवे और अयोध्या के पुलिस अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ बुलाया गया है। गौरतलब है कि निर्मम हालत में ट्रेन में मिली महिला सिपाही की पहचान प्रयागराज जिले के सोरांव क्षेत्र की निवासिनी के रूप में हुई है। वह 1998 बैच की महिला सिपाही है वह सुल्तानपुर में तैनात है। सावन मेला की ड्यूटी करने वह अयोध्या आ रही थी। इस दौरान,जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस उसे इलाज के लिए पहले अयोध्या के श्रीराम चिकित्सालय ले गई और फिर बिगड़ी हालत के कारण उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक महिला सिपाही के साथ घटना क्या और कैसे घटी इसका खुलासा उसके होश में आने के बाद ही होगा। बहरहाल, सोमवार को वकीलों की हड़ताल के बीच इस अमानवीय घटना की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अदालत में 12 बजे होगी।

# हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रयागराज में भड़के अधिवक्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में इलाहाबाद के अधिवक्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन और नारेबाजी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी जुलूस निकालकर हाईकोर्ट के सामने पहुंचे वकीलों ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है



की। हाईकोर्ट के सामने जुटे अधिवक्ताओं ने सरकार से हापुड़ के डीएम और एसपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। साथ ही लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने पुलिस अधिवक्ताओं को लाठियों से पीटा जा रहा है और उनकी प्राथमकी भी नहीं दर्ज की जा रही है। इस घटना से वकीलों में काफी आक्रोश है। जब तक अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम नहीं उठाए जाते तब तक वह शांत नहीं होंगे। अगर मांग पूरी नहीं की गई तो अधिवक्ता सड़क पर उतरने के लिए. बाध्य होंगे।

# प्रयागराज समेत 8 स्थानों में एनआईए का छापा, नक्सली मामले में हो रही छापेमारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) की ग़ैर क़ानूनी गतिविधियों को अंकुश लगाने के लिए प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आज़मगढ़ और देवरिया समेत आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। कहा जा रहा है कि नक्सल गतिविधियों से संबंधित जुड़े एक मामले में आगे की तफ्तीश के लिए जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। एनआईए की 14 सदस्यीय टीम प्रयागराज पहुंची और देर रात से ही अधिकारी सूचनाएं संकलन करने में जुटे रहे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अफसरों को सर्किट हाउस में ठहराया गया है। इस संबंध में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अभी तक कोई भी जानकारी नही दी है।

# महेवा गेट के समीप फवारा चौराहे पर डंपर ने बाइक मैं मारी टक्कर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महेवा गेट के समीप फवारा चौराहे पर डंपर ने बाइक मैं मारी टक्कर भीषण हादसा मौके पर बाइक सवार की मौत उसकी बीवी गंभीर रूप से घायल पति का मृत्यु शरीर देखकर हुई बेहोश स्थानीय और प्रशासन ने मिलकरएंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया रहने वाले कहां के हैं अभी पहचान हुई नहीं है मौके पर प्रशासन मौजूद।





# जसरा रेलवे फाटक क्रास करते समय रेलवे के चपेट में आने से मृत्यु हो गयी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रामा नन्द मिश्रा पुत्र रामपदारत 55 वर्ष निवासी बड़गोहना कला बेलसारा कौंधियारा प्रयागराज जसरा किसी जरुरी काम से जा रहे थे लगभग 12 बजे जसरा रेलवे फाटक क्रास करते समय रेलवे के चपेट में आने से मृत्यु हो गयी।






# सेक्टर 82 पाकेट 7 में हलछठ धूमधाम से मनाई गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 में हलछठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया । सुबह सभी महिलाओं ने 5 ब्लाक के पार्क में एकत्रित होकर पूजा अर्चना किया। शास्त्रों में हल षष्ठी का विशेष महत्व है। हल षष्ठी उन्हें प्रणाम किया और भगवान विष्णु की आरती के साथ पूजा संपन्न किया। हलषष्ठी पर श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम के शस्त्र की पूजा का भी विधान है, इसलिए एक प्रतीकात्मक हल बनाकर उसकी पूजा भी करते हैं। वहीं हल षष्ठी पर्व पर



हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी ति?थि मनाई जाती है। वहीं इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म हुआ था, इ?सलिए इस दिन को बलराम जयंती के रूप में भी मनाते हैं। वहीं इस दिन महिलाएं संतान की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही इसे बलराम जयंती और ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है। महिलाओं ने सुबह जल्दी उठ कर स्नान कर साथ ही साफ सुथरे कपड़े पहनकर एक पीला या लाल कपड़ा पूजा की चौकी पर बिछाया। साथ ही श्री कृष्ण और बलराम जी की फोटो या प्रतिमा चौकी पर रखा। इसके बाद गणेश भगवान का स्मरण किया। साथ ही फिर बलराम जी की प्रतिमा पर चंदन का तिलक किया और फिर फूल चढ़ाएं। बलराम जी का ध्यान करके महिलाएं एक गड्ढा बनाई और फिर उसे गोबर से लीप कर तालाब का रूप दे दिया। साथ ही इस तालाब में झरबेरी और पलाश की एक शाखा बांधकर उसमें गाड़ दिया। इसके बाद भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा की । साथ ही छठ माता की पूजा- अर्चना की। साथ ही पूजा के समय 7 प्रकार का अनाज भी चढ़ाया। साथ ही रात्रि में चंद्र दर्शन के बाद व्रत का पारण किया ।शास्त्रों के अनुसार इस दिन बलराम जी की पूजा से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों की पूजा की जाती है। इसके साथ ही महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख- समृद्धि के लिए व्रत रखती है। मान्यता है व्रत रखने से संतान दीर्घायु होती है और सभी कष्ट दूर होते हैं।

# एनआइए की पूछताछ के बाद बीएचयू की छात्राओं का बयान, 'हम डरने वाले नहीं, माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** एनआईए की टीम घर में मौजूद एक छात्र संगठन से जुड़ी बीएचयू की दो छात्राओं से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और जिस मकान में पूछताछ चल रही है उधर सभी की आवाजाही रोक दी गई है। वाराणसी के महामानपुरी कॉलोनी स्थित एक घर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (र्ऐं) ने मंगलवार की सुबह छापा मारा। एनआईए की टीम घर में मौजूद एक छात्र संगठन से जुड़ी बीएचयू की दो छात्राओं से पूछताछ की। पूछताछ के बाद टीम रवाना हुई। छात्राओं ने कहा कि संगठन को सर्च करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी आ रही है ये शर्मनाक है। हम डरने वाले नहीं। माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है लेकिन हम डरेंगे नहीं, हम जनता के हित में काम कर रहे हैं। जो भी सरकार के खिलाफ बोल रहा है उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। वहीं, मकान मालिक ने कहा- बीएचयू की छात्रा बताकर हमारे यहां आए थे। तीन-चार महीने से रह रही हैं। किसी लड़के को यहां हमने नहीं देखा। ऐसा होता तो मेरा बेटा कमरा खाली करने को कह देता। बताया जा रहा कि स्थानीय लोगों और छात्राओं के साथ ही उनके समर्थकों के बीच कहासुनी भी हुई। शाम तक छात्राओं को मकान खाली करने को कहा जा रहा है। दोनों छात्राओं को 12 सितंबर को एनआईए के लखनऊ के दफ्तर में आने के लिए कहा गया है।बता दें कि एनआईए द्वारा आजमगढ़, देवरिया, वाराणसी, प्रयागराज और चंदौली में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जिसमें से सबसे बड़ा एक्शन वाराणसी में हुआ। यहां बीएचयू के छात्र संगठन भगत सिंह स्टूडेंट्स मोर्चा (ण्श्) के दफ्तर में र्ऐं ने छापा मारा। छात्र संगठन ने एक घर को अपना ऑफिस बनाया था। जहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी दस्तावेज खंगाल रही है। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में नक्सल गतिविधियों से संबंधित जुड़े एक मामले में आगे की तफ्तीश के लिए जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।




# जिलाधिकारी को ट्विटर पर मिली धमकी, लिखा- 'अखिलेश की सरकार बनने पर असली औकात दिखा देंगे', एफआईआर दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।**विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन को लेकर बीते




सोमवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा शाम को कई बूथों का निरीक्षण किया गया था। इसी बीच जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट पर ज्योति यादव नाम से संचालित ट्विटर अकाउंट द्वारा जिलाधिकारी को धमकी भरा कमेंट भेजा गया।

विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार की देर शाम जिलाधिकारी को ट्विटर पर एक महिला ने धमकी दी ।इस मामले में शहर कोतवाली में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसाए विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन को लेकर बीते सोमवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा शाम को कई बूथों का निरीक्षण किया गया था। इसी बीच जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट पर ज्योति यादव नाम से संचालित ट्विटर अकाउंट द्वारा जिलाधिकारी को धमकी भरा कमेंट भेजा गया। उधर मामला संज्ञान पर में आने पर चुनाव के दृष्टिगत गठित एमसीएमसी के पटल प्रभारी राघवेंद्र पांडे द्वारा ज्योति यादव के खिलाफ थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506,507,171 एफ,171 के तहत शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, आखिर ऐसा क्या हुआ कि सड़कों पर हुआ प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** तहसील अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदीप यादव ने बताया कि हम शिक्षकों को धारा 12, 18 एवं 21 के तहत कई अधिकार मिले थे। जिसे समाप्त कर सरकार शिक्षकों का अधिकार छीन लिया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की सेवा सुरक्षा संबंधी धारा 21 एवं तदर्थ प्रधानाचार्य पदोन्नति की धारा 18 के साथ ही धारा 12 उत्तर प्रदेश सेवा चयन आयोग 2023 में शामिल न किए जाने से शिक्षकों में नाराजगी है। इस बात से नाराज शिक्षकों ने मंगलवार को अंबारी में बांह में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और सरकार की शिक्षक कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। तहसील अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदीप यादव ने बताया कि हम शिक्षकों को धारा 12, 18 एवं 21 के तहत कई अधिकार मिले थे। जिसे समाप्त कर सरकार शिक्षकों का अधिकार छीन लिया है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सरकार में शामिल जिम्मेदारों से बातचीत चल रही है। प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। हम शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन भी समाप्त की गयी है। जब तक उसे लागू नहीं किया जाएगा आंदोलन चलता रहेगा। शिक्षकों ने छात्र हित को देखते हुए पूरे दिन शिक्षण कार्य किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप सिंह, परशुराम यादव, प्रदीप कुमार यादव, संजय पटेल, आशुतोष, रामसकल यादव, शेषनाथ यादव, कवलजीत सिंह आदि उपस्थित थे।



# कौन थे यूपी के चीफ सेक्रेटरी दुर्गाशंकर मिश्र व रामभद्राचार्य के गुरू, पढ़ें गुरू-शिष्य की कहानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।**प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को गणित विषय पढ़ाने वाले शिक्षक हरिहर शुक्ल का कहते हैं कि दुर्गाशंकर में विलक्षण प्रतिभा है। उनकों दस पैसे इनाम भी दिया था। प्रदेश के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर आसीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सन् 1971 में बलिया के लक्ष्मी राज देवी इंटर कॉलेज में कक्षा आठ में पढ़ने आए थे। कुछ खास है कि काशी में कुदरत ने इतने कुलिश (हीरा) पैदा किए हैं कि गिनती नामुमकिन है। ये देश की सांस्कृतिक राजधानी में संस्कृति और कला की ऐसी हस्तियां हैं, जिन्होंने सफलता के सभी पैमानों को अपनी हुनर से बेहिसाब कर दिया है। साहित्य के पितामह काशीनाथ सिंह और सुरों के खुदा छन्नूलाल मिश्र के जरिये सीखने-सिखाने की पूरी बातष्ठ। 87 साल की उम्र में भी देशभर के विश्वविद्यालयों से हिंदी के छात्र गुरुदीक्षा लेने आते हैं। बीएचयू के पूर्व प्रोफेसर और साहित्यकार डॉ. काशीनाथ सिंह कहते हैं, अच्छी शिक्षा एक बीज को बोने की तरह है। अध्यापक जीवन से सेवानिवृत्ति के 30 साल बाद भी काशी नाथ सिंह शिक्षक की ही भूमिका में हैं। 87 साल की उम्र में भी देश भर के विश्वविद्यालयों से हिंदी के छात्र, रंगमंच के नाट्यकर्मी और छोटे-बड़े पर्दे के कलाकार गुरुदीक्षा लेने आते ही रहते हैं। स्वास्थ्य साथ नहीं देरा, इसके बावजूद वह किसी को निराश नहीं करते हैं। काशीनाथ सिंह के मुताबिक उनको अपने गुरु हजारी प्रसाद द्विवेदी से निर्भय होने की शिक्षा मिली थी। उन्होंने विद्यार्थियों को कभी विद्यार्थी नहीं समझा, हमेशा मित्र समझा वे कहते हैं, अपने गुरु के संस्कार को ही मैंने अपने विद्यार्थियों में भी रोपा। यही कारण है कि कई छात्र आज सफलता के शिखर पर हैं। हम छात्रों को किताबों के माध्यम से जीवन जीना और संघर्ष करना सिखाते थे।



# अयोध्या में पांच वर्ष की आयु वाले स्वरूप में विराजेंगे श्रीराम,मुख मंडल पर पड़ेगी सूर्य की पहली किरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** चंपत राय सोमवार को काशी आए और शहावाबाद में पत्रकारों से बात की है। उन्होंने कहा कि मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्ति का स्वरूप वाल्मीकि रामायण से लिया गया है। अभी तक यह तय नहीं है कि दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का उद्घाटन कौन करेगा।अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 16 से 24 जनवरी के बीच होगी। मंदिर में भगवान श्रीराम के पांच वर्ष की आयु वाली मूर्ति की स्थापना की जा रही है। यह कहना है श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का। चंपत राय सोमवार को काशी आए और शहावाबाद में पत्रकारों से बात की है। उन्होंने कहा कि मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्ति का स्वरूप वाल्मीकि रामायण से लिया गया है। अभी तक यह तय नहीं है कि दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का उद्घाटन कौन करेगा। संत या फिर कोई भी व्यक्ति उद्घाटन कर सकता है। सितंबर तक गर्भगृह और अक्तूबर तक रामलला की मूर्ति का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। गर्भगृह निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार पर 25 हजार श्रद्धालुओं के सामान रखने की व्यवस्था रहेगी। महासचिव चंपत राय ने बताया कि भगवान राम सूर्यवंशी हैं, इसलिए मूर्ति को खास तरह से तैयार कराया जा रहा है। भगवान सूर्य की पहली किरण प्रभु के मुख मंडल पर ही पड़ेगी। इसमें आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिकों का सहयोग लिया गया है। वैज्ञानिकों ने ललाट को 51 इंच पर स्थापित करने की सलाह दी है। मूर्ति खड़ी मुद्रा में रहेगी, जिसकी लंबाई 55 इंच रखी गई है। पैर से ललाट तक 51 इंच की लंबाई रहेगी। मंदिर के खंभों पर नक्काशी का काम जारी है। रामलला विग्रह का निर्माण कार्य कर्नाटक व राजस्थान के मूर्तिकार कर रहे हैं। महासचिव ने बताया कि गर्भ गृह के गेट पर हनुमान और गणपति की दो प्रतिमाएं लगेंगी। दरवाजे के खंभों की दीवार पर ताखे (गऊंखा) बनाए जाएंगे। मूर्तियों को रखने के लिए ताखे की गहराई और चौड़ाई तय की जा रही है। बनारस और लखनऊ विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के प्रोफेसर आए थे। उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। चंपत राय ने कहा कि हजारों की संख्या में मूर्तियों को बनाया जाना है। खंभों के अंदर लगने वाली मूर्तियों पर विचार-विमर्श हुआ। इसमें शिक्षकों की आगे भी मदद ली जाएगी। महासचिव ने बताया कि मंदिर निर्माण में पत्थर व तांबे का प्रयोग किया जा रहा है। पत्थरों को जोड़ने के लिए जो कुंजी है।



# 1.40 करोड़ की डकैती मामले में बर्खास्त इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** एक कार्यालय में डाका डालकर 1.40 करोड़ रुपये की लूट के मामले में बर्खास्त भेलूपुर के पूर्व थाना प्रभारी समेत सात



पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। वाराणसी के बैजनत्था स्थित आदि शंकराचार्य कॉलोनी स्थित एक कार्यालय में डाका डालकर 1.40 करोड़ रुपये की लूट के मामले में बर्खास्त भेलूपुर के पूर्व थाना प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) शक्ति सिंह की अदालत ने इस प्रकरण में विवेचक के अनुरोध पर गैर जमानती वारंट जारी किया। डकैती मामले में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता उजागर होने पर सभी को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। आदि शंकराचार्य कॉलोनी स्थित गुजरात की एक फर्म के कार्यालय से बीते 29 मई को 1.40 करोड़ रुपये लूटे गए थे। 31 मई को नाटकीय घटनाक्रम में खोजवा क्षेत्र स्थित शंकुलधारा पोखरा के समीप खड़ी एक लावारिस कार से 92.94 लाख रुपये बरामद हुए थे। चार जून की देर रात भेलूपुर थाने में तिलमापुर निवासी अजीत मिश्रा और 12 अज्ञात असलहाधारियों के खिलाफ डकैती सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया। शहर के चर्चित डकैती कांड को कमिश्नरेट पुलिस के आलाधिकारियों ने संज्ञान लिया तो परत दर परत भेलूपुर पुलिस का कारनामा सामने आया। मुकदमा दर्ज होने के सप्ताह भर बाद ही भेलूपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत दुबे, दरोगा सुशील कुमार, महेश कुमार, उत्कर्ष चतुर्वेदी और सिपाही महेंद्र कुमार पटेल, कपिल देव पांडेय, शिवचंद्र को पुलिस सेवा से बर्खास्त किया गया। इसके बाद विवेचना में सभी को डकैती कांड में आरोपी बनाया गया। अब तक सिर्फ अजीत समेत पांच आरोपी हुए गिरफ्तार भेलूपुर पुलिस ने डकैती कांड में चार आरोपियों प्रदीप पांडेय, वसीम खान, घनश्याम मिश्रा, सच्चिदानंद राय उर्फ मंटू को नई दिल्ली के कनाट प्लेस से गिरफ्तार किया था। जबकि मुकदमे के डेढ़ माह बाद 29 जुलाई को तिलमापुर निवासी अजीत मिश्रा उर्फ गुरुजी की गिरफ्तारी हुई थी।

# मधुमिता की बहन निधि शुक्ला ने जताया जान का खतरा, बोली- छह बार आया धमकी भरा फोन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर ।** निधि शुक्ला ने मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय का जिक्र करते हुए कहा है कि 24 अगस्त को उन्हें 6 बार धमकियों भरी कॉल आई थी। निधि शुक्ला ने रजिस्ट्री से भेजे गए



शिकायती पत्र में मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि की समय से पहले रिहाई के बाद नया मोड़ सामने आया है। मधुमिता की बहन निधि शुक्ला ने अपनी जान का खतरा बताया है। इसके लिए उन्होंने गोरखपुर पुलिस को लिखित शिकायत भी भेजी है। वहीं, उसने राज्यपाल व पुलिस से आरटीआई डालकर सवाल भी पूछा है कि किस आधार पर समय से पूर्व रिहाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, बहन निधि शुक्ला ने मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय का जिक्र करते हुए कहा है कि 24 अगस्त को उन्हें 6 बार धमकियों भरी कॉल आई थी। निधि शुक्ला ने रजिस्ट्री से भेजे गए शिकायती पत्र में मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निधि शुक्ला का दावा है कि शूटर संतोष राय अभी पेरोल पर जेल से बाहर है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं है। वहीं, फिलहाल गोरखपुर पुलिस इसपर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। निधि शुक्ला ने बताया कि इसके बाद उन्होंने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत यूपी सरकार और राज्यपाल से अमरमणि और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई का आधार भी मांगा है। इतना ही नहीं, उन्होंने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से भी अमरमणि के मेडिकल रिपोर्ट के बारे में भी सवाल किया है।



# थाना विण्ढमगंज पुलिस के द्वारा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के प्रकरण से सम्बन्धित वांछित 03 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस



अधीक्षक (आप0) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 04.09.2023 को थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-94/2023 धारा- 363, 376डी, 506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण का विवरणः-** 1.खुर्शीद अन्सारी पुत्र सुलेमान अन्सारी निवासी ग्राम सलैयाडीह थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2. अजीत कुमार जायसवाल पुत्र प्रेम शंकर जायसवाल निवासी ग्राम सलैयाडीह थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 3. अंकित कुममार जायसवाल पुत्र प्रेम शंकर जायसवाल निवासी ग्राम सलैयाडीह थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-** 1.प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2.हे0का0 दिनेश कुमार प्रजापति, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 3. का0 विनय कुमार, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र ।

# चोरी किऐ गये रूपए सहित शाहगंज पुलिस द्वारा दो अभियुक्त को गिफ्तार किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें




संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी घोरावल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष शाहगंज के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.09.2023 को थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पजीकृत मु0अ0सं0-83/2023 धारा 457, 380, 411 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में 02 नफर अभियुक्तगण 01. अशोक पुत्र हरिदास निवासी निश्चिन्तपुर, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष, 02. धीरज कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, निवासी आशाताली, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से क्रमशः (1) चोरी के 1552 रु0 के सिक्के, (2) चोरी के 222 रु0 के सिक्के बरामद कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 01. अशोक पुत्र हरिदास, निवासी निश्चिन्तपुर, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष । 02. धीरज कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, निवासी आशाताली, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष । **बरामदगी का विवरणः-** अशोक पुत्र हरिदास, निवासी निश्चिन्तपुर, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष के कब्जे से चोरी के 1552 रु0 के सिक्के व धीरज कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, निवासी आशाताली, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष के कब्जे से चोरी के 222 रु0 के सिक्के बरामद । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 नरेन्द्र कुमार राय, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र । 2. हे0का0 पिन्टू सिंह, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 अनूप सिंह, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र । 4. हे0 का0 चन्द्रजीत यादव, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र ।5. हे0का0 धर्मेन्द्र यादव, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र ।

# प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में डायरिया के बचाव व जागरूकता के संबध बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 04 सितम्बर 2023- प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास खण्ड पटेहरा कला,



लालगंज में डायरिया के बचाव जागरूकता के संबध में बैठक की गई। बैठक में ब्लाक लालगंज प्रमुख जंयत कुमार सरोज डायरियों बचाव के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिवो एवम अन्य सभी को उक्त बीमारी के संबध में लोगो के बीच जागरूकता बढ़ाने, बचाव के विभिन्न उपायों के संबध में जानकारी दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुरेन्द्र पाल, विकास खण्ड स्तरीय स्वस्थ विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया बच्चे को सघन दस्त होने पर यदि सही तरह से प्रबंधन किया जाए तो आसानी से इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि बच्चे को दस्त होने पर लापरवाही होने से बच्चे को कमजोरी आती है और यह उसके लिए जानलेवा भी साबित हो सकती है। दस्त होने पर बच्चों को जिंक की गोली और ओआरएस का घोल जरूर देना चाहिए। उन्हें 14 दिन तक जिंक की खुराक देनी चाहिए। दस्त बंद न होने की स्थित में बच्चे को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डाक्टर को दिखाएं। दस्त के दौरान और दस्त के बाद भी मां का दूध और पूरक आहार देना जारी रखना है। यह भी जानकारी दी गई कि गर्मी के मौसम में बच्चों को दस्त होने की आशंका बनी रहती है। दस्त शुरू होते ही बच्चे को ओआरएस का घोल और जिंक की गोलियां दें। यह बच्चे के जीवन की रक्षा करते हैं। इन्हें आशा, ए0एन0एम0 और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

# डॉक्टर-कर्मचारियों का वेतन अटका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिला संयुक्त चिकित्सालय का मेडिकल कॉलेज के रूप में संचालन तो शुरू हो गया, लेकिन बजट का अभाव रोड़ा बन रहा है। हाल यह है कि चिकित्सक-कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं मिला। अव्यवस्थाओं से नाराज कई जूनियर रेजिडेंट ने त्यागपत्र भी दे दिया है, जबकि कई अन्य ने नोटिस दिया है। बजट के अभाव में चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है।चार राज्यों की सीमा पर स्थित आदिवासी



बहुल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए यहां जिला अस्पताल को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। एक अप्रैल से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में जिला अस्पताल का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। जो कर्मचारी पहले स्वास्थ्य विभाग के अधीन थे, वह अब चिकित्सा शिक्षा विभाग में समायोजित किए जा चुके हैं। मेडिकल कॉलेज संचालन के बाद 26 जूनियर और दो सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने यहां कार्यभार भी ग्रहण किया था। डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से लोगों को उम्मीद थी कि अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ओपीडी व इमरजेंसी में जहां एक-एक डॉक्टर होते थे, वहां भी दो-तीन डॉक्टर की तैनाती से इसका असर भी मरीजों ने महसूस किया। कुछ महीने में ही व्यवस्था पूर्ववत होने लगी है। बजट की कमी से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। अस्पताल में कई जरूरी सामानों की खरीद से लेकर डॉक्टर-कर्मचारियों का वेतन भुगतान भी प्रभावित है। किसी को चार तो किसी को दो माह से वेतन नहीं मिला है। जबकि पहले से तैनात 20 से अधिक चिकित्सकों और फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय, स्टाफ नर्स सहित 50 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन भी अटका है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि बिना रणनीति तैयार किए ही जल्दीबाजी में जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज के अधीन कर दिया गया। इस कारण ऐसी दिक्कत बनी है।कई ने छोड़ा मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज में नियुक्त हुए छह नए चिकित्सक नौकरी छोड़कर चले गए हैं।

# चोरी कि योजना बनाने वाले दो अभियुक्तो को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस हाईडिल मैदान कालोनी के पास से चोरी की योजना बनाते समय अन्तर्जनपदीय 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के आदेश के क्रम मे दिनांक 04.09.2023 को उ0नि0 धर्मेन्द्र यादव मय हमराह हे0का0 रविकान्त गौतम व का0 शिवशंकर मय जिप सरकारी सेकेण्ड मोबाइल वाहन संख्या यूपी 64 जी 0375 के



थाने से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र व रात्रि गस्त में मामूर होकर कचहरि तिराहा पर मौजूद थे कि जरिये मुखबिर सुचना मिली की दो व्यक्ति हाईडिल मैदान के पास दण्डईत बाबा मन्दिर के पीछे छिप कर कही चोरी करने की योजना बना रहे है यदि जल्दी किया जायेगा तो पकड़े जा सकते है इस सूचना पर विश्वास कर उ0नि0 मय हमराह कर्मचारीगण व मुखबिर को साथ लेकर उसके द्वारा बताये गये स्थान के तरफ स्टेशन रोड पर आया कि करिब 50 मीटर पहले गाड़ी को रोककर मुखबिर उतर गया और मन्दिर के तरफ इशारा करते हुए बताया की मन्दिर के पिछे दोनो व्यक्ति छिपे है। इस पर हम पुलिस वाले गाड़ी से उतरकर दबे पांव मन्दिर के पास जाकर दोनो व्यक्तियों की बाते सुनने लगे उक्त दोनो व्यक्ति बात कर रहे थे की हाईडिल कालोनी मे चोरी करना है । एक व्यक्ति अन्दर जाकर आरी व पेचकस व आरी से काटकर अन्दर जायेंगे एवं चोरी करके पुनः वापस आ जायेंगे एवं चोरी कर के पुनः वापस आ जायेंगे । इस बात पर विश्वास कर के कि उक्त दोनो व्यक्ति चोरी करने की योजना बना रहे है कि एक बारकी दबिश देकर दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-519/2023 धारा 401 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। जिसका विवरण निम्नवत् है- गिरफ्तारी/बरामदगी का दिनांक व स्थान- दिनांक 04.09.2023 समय 02.20 बजे रात्रि स्थान हाईडिल मैदान के पास दक्षिण दण्डईत बाबा के पीछे थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** 1 आनन्द कुमार खरवार उर्फ बड़क पुत्र राधेश्याम निवासी बढ़ौली थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष 2. प्रिन्स पाठक पुत्र सन्तोष कुमार पाठक नि0 रतवल थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष **बरामदगी का विवरणः-** अभियुक्त गण के कब्जे से चोरी के उपकरण एक अदद हथौड़ी एक अदद छिनी हेक्सा ब्लेड एक अदद रिन्च व पेचकस बरामद किया गया। अभियुक्त आनन्द कुमार खरवार उर्फ बड़क का **आपराधिक इतिहासः-** 1.मु0अ0सं0-524/2017 धारा 313, 323, 498ए,504,506 भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 2.मु0अ0सं0-610/2022 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 एक्ट थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 3. मु0अ0सं0-611/2022 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 एक्ट थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 4.मु0अ0सं0-519/2023 धारा 401 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभ **अभियुक्त प्रिन्स पाठक का आपराधिक इतिहासः-** 1.मु0अ0सं0 498/2022 धारा 394,411 भा0द0वि0 थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 2. मु0अ0सं0-765/2016 धारा 342 भा0द0वि0 थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 3. मु0अ0सं0-1043/2016 धारा 41,411,414 पंजीकृत है । थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 4. मु0अ0सं0-519/2023 धारा 401 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभ **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-**1.उ0नि0 धर्मेन्द्र यादव प्रभारी चौकी कांशीराम आवास थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 2.मुख्य आरक्षी रविकान्त गौतम थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र 3.आरक्षी शिवशंकर थाना राबर्ट्संगज,सोनभद्र।

# बिजली विभाग के संविदा कर्मी की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो गयी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** बताया जाता है कि मनोज यादव उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र रमाशंकर यादव बिजली विभाग के संविदा कर्मी है रात्रि में आंधी पानी



के बाद बिजली के तारो में कुछ खराबी ठीक करने के लिए फतहा ऑफिस के सामने लगे ट्रांसफार्मर का काम करने के लिए जे ई ने बुलाया था। वहां पर बिजली ठीक करते समय अचानक बिजली लाइन चालू कर देने से मनोज को तगड़ा करंट लगा और वहीं पर उनकी मृत्यु हो गई।मनोज को करंट लगते ही सभी सहकर्मी मौके से भाग गए। बाद पुलिस ने शव को हॉस्पिटल पहुँचाया। घटना के घण्टो बाद परिवार को इस घटना की सूचना दिया गया । इससे स्थानीय लोगो और परिवार वालो में तरह तरह का कयास लगाया जा रहा है कि ये किसकी साजिश हो सकती है ।बताया जाता है कि मनोज यादव की पारिवारिक स्थिति बहुत ही नाजुक है दो छोटे-छोटे बच्चे हैं ।

# ससुराल जाने से इन्कार करने पर पत्नी की लाठी से वारकर हत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना क्षेत्र के कुंडाडीह गांव में रविवार की रात मायके में रह रही पत्नी की पति ने लाठी से पीटकर हत्या कर दी। उसके ससुराल जाने से इन्कार करने पर वह क्षुब्ध था। घटना के बाद पति फरार हो गया। पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। कुंडाडीह निवासी तारामती (22) की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले बभनी थाना क्षेत्र के डूमरहर निवासी विश्वनाथ उर्फ बबलू से हुई थी। तारामती कई महीने से मायके में ही रह रही थी। उसका आरोप था कि ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। इसी विवाद में पंचायत के लिए रविवार को ससुराल से पति समेत आठ-दस लोग गांव आए थे। दिन भर चली पंचायत के बाद भी तारामती यह कहते हुए ससुराल जाने को तैयार नहीं हुई कि वहां उसकी हत्या कर दी जाएगी। पंचायत सफल न होने पर सभी लौट गए।रात में तारामती अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान पति विश्वनाथ ने लाठी से उसके सिर पर वार कर दिया।

# अवैध रूप से गिट्टी के ट्रको को पास कराने वाले तीन पासरो के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के




निर्देशन मे पासरों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व मे आज दिनांक 04.09.2023 को थाना जुगैल पुलिस द्वारा अवैध रुप से बिना परमिट के गिट्टी के ट्रकों को पास कराने वाले 03 नफर पासर क्रमशः 1. दिनेश देव पाण्डेय पुत्र स्व0 रामपदारथ देव निवासी चिरौली, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र 2. रामलोचन देव पाण्डेय पुत्र कुंज बिहारी देव पाण्डेय, निवासी छपका, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र 3. महेन्द्र पाठक उर्फ पेन्टा पाठक पुत्र स्व0 नागेश्वर पाठक निवासी गोठानी, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी तथा एक अदद होन्डा वेन्यू कार को धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया । **गिरफ्तारी का विवरण-** 1. दिनेश देव पाण्डेय पुत्र स्व0 रामपदारथ देव निवासी चिरौली, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। 2. रामलोचन देव पाण्डेय पुत्र कुंज बिहारी देव पाण्डेय, निवासी छपका, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 3. महेन्द्र पाठक उर्फ पेन्टा पाठक पुत्र स्व0 नागेश्वर पाठक निवासी गोठानी, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. थानाध्यक्ष रामदरश राम, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। 2. आरक्षी अजीत, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। 3. होमगार्ड भोला प्रसाद, जुगैल, जनपद सोनभद्र।

# 25 लाख रुपए हेरोइन एव 90 ,हज़ार रूपए के साथ तीन नफर अन्तर्राज्यीय तस्करो कि हुई गिरफ़्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु व मादक पदार्थों की तस्करी



में संलिप्त गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 03.09.2023 को समय 15.40 बजे मुखबिर की सूचना पर एसओजी/ सर्विलांस टीम व थाना करमा पुलिस सोनभद्र के अथक प्रयास से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 03 अभियुक्तों को प्लास्टिक की तीन थैलियों में 225 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपया लगभग 25 लाख), 02 अदद मोटर साइकिल व 90,000 रुपये नगद के साथ गनेशपुर तिराहा अंतर्गत थाना करमा से घेरा बन्दी कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना करमा पर मु0अ0सं0 89/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है । पुछताछ का विवरण - गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि वे लोग लखनऊ व बाराबंकी से हेरोईन खरीदकर मीरजापुर के अलावा सोनभद्र में रेनूकुट, शक्तिनगर तथा सिंगरौली मध्य प्रदेश में बेचते हैं, उन लोगों के पास से जो पैसे मिले हैं वे हेरोईन बिक्री के पैसे है । जिसे आपस में बांट लेते हैं । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -** 01. श्याम बाबू सोनकर पुत्र स्व0 राजकुमार, निवासी ग्राम भीटी, थाना राजगढ़, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 26 वर्ष । 02. गोलू उर्फ संजय सोनकर पुत्र गुड्डू सोनकर, निवासी विसुन्धरपुर, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 22 वर्ष । 03. सिद्धार्थ सोनकर पुत्र रायचन्द, निवासी शाहपुर चौसा, थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 21 वर्ष । **आपराधिक इतिहास अभियुक्त श्यामबाबू-** 01.मु0अ0सं0-572/2016 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि, थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर । **आपराधिक इतिहास अभियुक्त गोलू उर्फ संजय सोनकर-** 01. मु0अ0सं0-26/2019 धारा 354(क), 504, 506 भादवि, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर । 02. मु0अ0सं0- 116/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर । **बरामदगी का विवरण-** 01. 225 ग्राम हिरोईन (कीमत लगभग 25 लाख रुपये) । 02. दो अदद मोटर साइकिल । 03. 90,000/- रुपये नगद । **गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम -** 1. निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस, जनपद सोनभद्र । 2. प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र । 3. व0उ0नि0 विमलेश कुमार सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0जगदीश मौर्या, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, हे0का0 सतीश पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 अजीत यादव, स्वाट टीम/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र । 5. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित सिंह सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र । 6. हे0का0 वीरेन्द्र सिंह, हे0का0 बृजेश यादव, थाना करमा, जनपद सोनभद्र ।

# स्टेट हाईवे के लिए जल्द शुरू होगा सर्वे, आएगी टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोनांचल में नए स्टेट हाईवे के लिए जल्द सर्वे शुरू होगा। नया हाईवे चंदौली के नौगढ़ इलाके से नई बाजार, विजयगढ़ दुर्ग, अमिला धाम से होते हुए कोन, विंढ़मगंज (झारखंड बार्डर) तक जाएगा। इसके लिए शासन से सर्वे टीम जल्द आने वाली है। विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसकी लंबाई करीब 92 किलोमीटर होगी।वर्ष के शुरूआत में आयुक्त मिर्जापुर मंडल एवं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता की मौजूदगी में बैठक हुई थी, जिसमें सोनांचल में नए हाईवे पर चर्चा हुई थी। उच्चाधिकारियों ने स्टेट हाईवे का प्रस्ताव तैयार करके जल्द से जल्द भेजने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को दिया गया था। इस



पर पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड द्वितीय की तरफ से नए स्टेट हाईवे का प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा गया है। प्रस्तावित स्टेट हाईवे की कुल लंबाई 92 किलोमीटर है। यह हाईवे चंदौली जिले के नौगढ़ किला से शुरू होगा, जो तिवारीपुर, नई बाजार, विजयगढ़ दुर्ग, अमिला धाम, नकतवार, चांची कला में सोन नदी पर बने पुल से होते हुए झारखंड के बंशीधर धाम से सीधे जुड़ेगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मानें तो प्रस्तावित स्टेट हाईवे के सर्वे के लिए जल्द ही शासन से टीम भेजी जाएगी।

# छुट्टी के दिन काम नहीं, पुरानी पेंशन हमारा हक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को प्राथमिक शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्री मांगों के समर्थन में नारे लगाए। कहा वह छुट्टी के दिन काम नहीं करेंगे। जबकि पुरानी पेंशन उनका हक है वह इसके लिए संघर्ष करते रहेंगे।संघ की जिलाध्यक्ष



संतोष कुमारी ने कहा कि शिक्षकों के साप्ताहिक अवकाश की बारी आती है तो उन्हें कभी बीएलओ ड्यूटी में तो कभी वैक्सीनेशन ड्यूटी में लगा दिया जाता है। पूरे सप्ताह काम करने के बाद बाकी विभागों के कर्मचारी जहां आराम करते हैं वहीं शिक्षक साप्ताहिक अवकाश में भी विभिन्न ड्यूटियां करते हैं। इसके अलावा विभागीय अधिकारी भी स्कूल टाइम के बाद तमाम बैठक में शिक्षकों को बुलाते रहते हैं। इससे शिक्षकों का मानसिक शोषण हो रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर, शिक्षक नेता सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन उनका हक है। हर हाल में उन्हें पुरानी पेंशन मिलनी ही चाहिए। जब सांसद और विधायकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है तो फिर शिक्षक इससे क्यों वंचित हो। कहा कि माध्यमिक में 12 वर्ष की सेवा पूरी होने पर सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान मिलता है, यही व्यवस्था बेसिक में भी लागू होनी चाहिए। इस दौरान निवेदिता, बृजबाला सिंह, इंदु सिंह, सुनीता सुमन, शमशेर सिंह, मो.आरिफ, कृष्णा कुमार सिंह शामिल रहे।

# 'हमारे पास शाहीन, रउफ और नसीम नहीं हैं', पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को एशिया कप




2023 का तीसरा मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों के बीच कांटेदार मुकाबला होने की उम्मीद है। हालांकि, बारिश मैच का मजा किरकिरा कर सकती है। इस हाई वोल्टेज मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस की। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 का हाई वोल्टेज मैच शनिवार को पल्लेकले स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के खिलाफ तैयारी के सवाल का जवाब दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी वर्ल्ड कप 2019 के बाद पहला वनडे मैच होने जा रहा है। जानिए रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में क्या कहा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया कि पाकिस्तान के क्वालीटी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ तैयारी किस तरह की है। भारतीय कप्तान ने जवाब दिया कि उनके पास शाहीन अफरीदी, हैरिस रउफ और नसीम शाह जैसे गेंदबाज नेट्स पर नहीं थे। मगर उन्होंने अपने गेंदबाजों के साथ अभ्यास किया है। हमारे पास शाहीन, रउफ और नसीम नेट्स में नहीं हैं। हमारे पास जो गेंदबाज थे, उनको लेकर अभ्यास कर रहे थे। तीनों काफी क्वालीटी गेंदबाज हैं। कुछ सालों से पाकिस्तान के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पाकिस्तान के पास हमेशा से क्वालीटी गेंदबाज रहे हैं। उनके गेंदबाजों की जो स्ट्रेंथ है, कहां गेंद करते हैं, हमने देखा है। हम इतने साल से खेल रहे हैं। इतना अनुभव है तो उसका उपयोग करके खेलना है। किसी भी तरह यह फिटनेस टेस्ट या कुछ नहीं है। इस टूर्नामेंट में एशिया की छह शीर्ष टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह हम सभी के लिए बड़ा टूर्नामेंट हैं। इसका इतिहास रहा है। हां, हमने फिटनेस टेस्ट और फिटनेस कैंप बेंगलुरु में किया। अब हमारा पूरा ध्यान मैच पर है और देखेंगे कि हम टूर्नामेंट में क्या हासिल करते हैं। लोग प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात करते हैं। टीम के रूप में हम इस पर ध्यान देते हैं कि किस विरोधी टीम के खिलाफ खेल रहे हैं। हम क्या कर सकते हैं। हमें किस बात की मदद मिलेगी। हम मैदान पर सब चीजें सही कर रहे हैं कि नहीं। पाकिस्तान ने पिछले कुछ समय में सीमित ओवर में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कड़ी मेहनत की और नंबर-1 बने। हमारे लिए अच्छी चुनौती रहेगी।

# पाक गेंदबाजी का कैसे करेंगे विराट कोहली मुकाबला, पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने स्टार बल्लेबाज को दिया गुरुमंत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए विराट कोहली की नीतियों और पिछले कुछ समय में उनकी तकनीक के विकास पर बात की पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए विराट कोहली की नीतियों पर बात की। उन्होंने बताया कि पिछले एशिया कप



से पहले कोहली कहां चूक कर रहे थे जिसमें अब उन्होंने सुधार कर लिया है। उन्होंने पाकिस्तान के हर गेंदबाज के खिलाफ भिड़ने की कोहली की योजना पर बात की। कोहली पाकिस्तान का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर ने बताया कि विराट कोहली पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला कैसे करेंगे। पिछली बार जब दोनों देश आपस में भिड़े थे तो विराट कोहला का हारिस रऊफ को लगाया शॉट लंबे समय तक क्रिकेट फैंस की यादों में रहा। तब कोहली ने अपने बुरे दौरे से वापसी का प्रमाण देते हुए बड़ी पारी खेली थी, लेकिन अब वे एक बार फिर पूरी लय में हैं। आम तौर पर वह गेंद को आगे की ओर कदम बढ़ा के मार रहे थे और इस वजह से वह स्लिप घेरे में बहुत बार आउट हो रहे थे या विकेट के सामने फंसकर भी आउट हो रहे थे। अब वे ऐसे नहीं कर रहे और वे अच्छा और जल्दी विकेट पर सेट हो रहे हैं, स्थिर रह रहे है, गेंद को अपने पास आने का मौका दे रहे हैं। यह एक चीज उन्हें काफी मदद करेगी। खासकर शाहीन शाह अफरीदी र्एप्पाह र्एप्र्प्ंग्गि् के खिलाफ क्योंकि उनकी गेंद देर से स्विंग होती है। ऐसे में अगर हम गेंद को देख रहे हैं और आपके पास आने दे रहे हैं, तो आप इसे जमीन पर खेल सकते हैं या इसे मिड-ऑन या मिड-विकेट की तरफ भी खेल सकते हैं और यही उनकी ताकत है। नसीम शाह के खिलाफ कोहली गेंद की ओर आगे नहीं बढ़ रहे हैं, ऑफ स्टंप के बाहर उनका फैसला सही होने वाला है। हारिस के खिलाफ, जो हर समय लेंथ से थोड़ा पीछे रहते हैं, कोहली बैकफुट पर जा सकते हैं या पुल शॉट खेल सकता हैं, जो उन्होंने पिछले एशिया कप में किया भी था। स्पिनरों के खिलाफ रन बनाने का उनका अपना तरीका ह शादाब खान के खिलाफ वह बैकफुट पर धमाल मचाने की कोशिश करेंगे, पॉइंट और कवर क्षेत्र के बीच खेलेंगे, बैकफुट पर बहुत कुछ करने को होगा। मोहम्मद नवाज के खिलाफ वह अपने पैरों का इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे क्योंकि वह ऐसा करने से डरते नहीं हैं। खेल में रोमांच लाएगी कोहली की तीव्रता-अगर गेंद थोड़ी छोटी पिच की जाती है, तो कोहली बैकफुट पर रॉक कर सकते हैं और डीप मिड-विकेट क्षेत्र के दोनों ओर बड़े शॉट खेल सकते हैं। इस तरह से विराट कोहली पाकिस्तान की गेंदबाजी का मुकाबला करेंगे।

# बाबर या विराट, कौन हैं असली किंग भारत और पाकिस्तान के पिछले 5 मैचों में किस टीम का रहा जलवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 2 सितंबर को खेला जाएगा। इस महामुकाबले का फैंस




काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि क्रिकेट में जब भी भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होती है तो रोमांच अपने चरम पर पहुंच जाता है। एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 2 सितंबर को खेला जाएगा। इस महामुकाबले का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि क्रिकेट में जब भी भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होती है तो रोमांच अपने चरम पर पहुंच जाता है। पाकिस्तान ने एशिया कप का ओपनिंग मैच नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज की तो ऐसे में उनका कॉन्फिडेंस भी हाई है। पाकिस्तान ने एशिया कप का ओपनिंग मैच नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की तो ऐसे में उनका कॉन्फिडेंस भी काफी हाई है। हालांकि, बाबर आजम की टीम की अग्नि परीक्षा भारत के खिलाफ होगी, क्योंकि भारत का वनडे एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा है। दोनों टीमों के बीच अब तक इस टूर्नामेंट में 13 मैच खेले गए हैं, जिसमें 7 मैच जीतकर भारत ने अपना दबदबा बनाया हुआ है। ऐसे में पल्लेकेले में खेले जाने वाले हाई-वोल्टेज मैच से पहले जानते हैं भारत-पाक के पिछले 5 मैचों का हाल।भारत बनाम पाकिस्तान (टी-20 विश्व कप ग्रुप स्टेज मैच, मेलबर्न 2022) टी-20 विश्व कप 2022 में भारत बनाम पाकिस्तान का जब विराट कोहली ने यादगार पारी खेली थी। हालांकि, वह टी-20 मैच था, लेकिन विराट ने 53 गेंदों पर 82 रन की पारी खेली थी। इस हाई वोल्टेज मैच में आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर आर अश्विन के बल्ले से निकले विनिंग सिक्स ने भारत को चार विकेट से मैच जिता दिया।

# पेस्ट्री से पेट भरते थे माही, जब पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने पहली बार पहचाना था एमएस धोनी के बल्ले का टैलेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एमएस धोनी से जुड़े किस्से फैंस हमेशा सुनना पसंद



करते हैं। अब एक ऐसा ही किस्सा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और जिओ सिनेमा एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने शेयर किया है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी और जिओ सिनेमा एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने धेनी से जुड़े कुछ किस्से शेयर किए हैं। 2004 में भारत ए के जिम्बाब्वे और केन्या दौरे पर एक साथ रहने के दौरान चोपड़ा ने एमएस धोनी द रूममेट के बारे में कुछ किस्से सुनाए। उन्होंने धोनी के सोने और खाने को लेकर भी एक मजेदार बात बताई। ये भी बताया कि टीम के खिलाड़ियों से कॉम्पिटीशन नहीं करते धोनी। दरअसल 2004 में भारत ए 2004 के जिम्बाब्वे और केन्या दौरे पर एक साथ रहने के दौरान चोपड़ा ने 'एमएस धोनी द रूममेट' श्ए अ्दहग् ग्हम्हू के बारे में कुछ किस्से सुनाए। चोपड़ा ने बताया कि एक रूममेट के रूप में आपको संतुलन की जरूरत होती है। ऐसे में मैंने उनसे पूछा कि आप किस समय सोना चाहते हैं धोनी ने जवाब में कहा कि जब भी आप चाहें लाइट बंद कर दें। ठपूरे दौरे के दौरान धोनी रात 9:30 बजे सोए। मुझे नहीं पता कि वह आमतौर पर कब सोते थे, लेकिन मेरे कमरे में होने पर वह रात 9:30 बजे सोते थे ।

# भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी बार वनडे मैच में बारिश ने दी थी दस्तक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप 2023 के तीसरे मैच में 2 सितंबर को आपस में भिड़ने वाली है। ये मैच पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। फैंस इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि दोनों टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में खेले हुए चार साल से ज्यादा समय हो गया है। भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप 2023 के तीसरे मैच में 2 सितंबर को आपस में भिड़ने वाली है। ये मैच पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। फैंस इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि दोनों टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में चार साल से ज्यादा समय हो गया है। एशिया कप 2023 के ओपनिंग मैच में पाकिस्तान टीम ने नेपाल को 238 रनों से हराकर जीत दर्ज की। ऐसे में पाकिस्तान टीम का कॉन्फिडेंस भी हाई है, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम का रिकॉर्ड पाक के खिलाफ अच्छा रहा है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं आखिरी बार दोनों टीमों के बीच कब वनडे मैच खेला गया था और इस मैच का नतीजा क्या निकला था जब वनडे में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी भारत-पाक की टीमें



बात है 16 जून 2019 की। जब भारत और पाकिस्तान टीमों के बीच 2019 विश्व कप का मुकाबला खेला गया था। इस मैच को पाकिस्तान फैंस भूलकर भी नहीं भुला सकते है। इस मैच में पाकिस्तान टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ये फैसला पाकिस्तान के लिए गलत साबित हुआ और भारत ने इसका खूब फायदा उठाया। केएल राहुल और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। इसके बाद हिटमैन ने विराट कोहली के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेला। फिर हार्दिक पांड्या ने 26 रन बनाए। भारत ने पाकिस्तान को 337 रनों का टारगेट दिया। लेकिन मैच में बारिश ने दस्तक दी और मैच को 40 ओवर तक रख दिया और पाकिस्तान को 302 रन का टारगेट मिला। इस मैच में पाकिस्तान टीम 212 रन ही बना सकी और टीम इंडिया ने अपने चिर-प्रतिद्वंदी को विश्व कप में एक बड़ी धूल चटाई। में भारत और पाकिस्तान के लिए आमने-सामने का रिकॉर्ड साल 1978 में अपने पहले मुकाबले के बाद भारत और पाकिस्तान अब तक 132 एकदिवसीय मैचों में आमने-सामने हुए हैं। पाकिस्तान ने 73 जीत के साथ बढ़त हासिल की है, जबकि टीम इंडिया ने 55 मैच जीते हैं। हालांकि, चार मैच बिना नतीजे के साथ खत्म हुए।

# कहीं भारत पर भारी न पड़ जाए ये तिकड़ी ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने भारतीय टीम को महामुकाबले से पहले दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 में कल यानी 2 सितंबर को भारतीय टीम अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान



से भिड़ेगी। भारत के गेम प्लान को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष इंटरव्यू में बातचीत की। दिग्गज क्रिकेटर ने मैच का फैसला तय करने वाली कुछ अहम बातों पर रोशनी डाली। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हेडन ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम पाकिस्तान के तेज तिकड़ी गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेल रहा है। एशिया कप 2023 में कल यानी 2 सितंबर को भारतीय टीम अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत के गेम प्लान को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने टीम इंडिया को खास सलाह दी है। उन्होंने मैच का फैसला तय करने वाली कुछ अहम बातों पर रोशनी डाली। भारत को पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के खिलाफ कल अग्नि परीक्षा देनी होगी। हेडन ने कहा कि ये मैच काफी मजेदार होने वाला है और क्रिकेट फैंस को रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।तीनों अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाज, जिनके लिए टीम इंडिया को अलग योजनाओं की जरूरत है। सबसे पहले कैंडी की पिच में काफी उछाल है, जिसके हारिस रऊफ के ऊपर खास नजर रखनी होगी। रऊफ तेजी से अंदर आकर सीधा ऑफ स्टंप के ऊपर हिट करना चाहेगा। आपको शाहीन अफरीदी र्एप्पार्हेग्ंि् के खिलाफ पुराने तरीके से खेलना होगा। पिछले वर्ल्ड कप में शाहीन ने जिस तरह की गेंद से रोहित शर्मा को आउट किया था हम उसे कभी नहीं भूलेंगे, तो उनके खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। शाहीन शुरुआती विकेट चटकाने में सफल हुए हैं। ऐसे में भारत को उनके खिलाफ खास योजना की जरूरत होगी। अगर गेंद स्विंग होगी तो पहले 3 ओवर पर खास ध्यान देना होगा। नसीम को शुरू से ही दबाव में रखे और ऐसे खेले कि आप मैच में आगे हैं। नसीम के खिलाफ शुरू से ही आक्रमक खेल की जरूरत है। हालांकि मुझे लगता है कि भारत की ही जीत होगी। भारत के पास एक गहरी और ऊंचे दर्जे की बल्लेबाजी लाइनअप है, जिसे वे बोर्ड पर उतारने की कोशिश करेंगे।

# महामुकाबले में इस मजबूत प्लेइंग 11 के साथ उतरेंगे कप्तान रोहित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मैच 2 सितंबर को खेला



जाना है। ये मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। इस महामुकाबले से पहले माना जा रहा है कि पाकिस्तान टीम नेपाल के खिलाफ जिस प्लेइंग-11 के साथ उतरी थी उसके साथ ही नजर आ सकती है। वहीं, भारत की टीम की प्लेइंग-11 की तस्वीर अभी तक साफ नहीं है। कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ विकेटकीपर केएल राहुल के बिना मैदान पर उतरेंगे। बता दें कि केएल राहुल को लेकर बीसीसीआई ने अपडेट दिया था कि वह भारत के शुरुआती दो मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह टीम मैनेजमेंट किसे मौका देती है और टॉप ऑर्डर से लेकर गेंदबाजी सेक्शन कैसा रह सकता है आइए जानते हैं।भारत की ओपनिंग जोड़ी भारत बनाम पाकिस्तान के मैच में टीम इंडिया की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल पारी का आगाज करते हुए नजर आ सकते है। ऐसा रह सकता भारत का मिडिल ऑर्डर अगर बात करें टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर की तो नंबर 3 पर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का खेलना तय है। किंग कोहली से फैंस को उम्मीदें है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ पिछले टी-20 विश्व कप और एशिया कप की तरह शानदार पारी खेलते हुए नजर आएंगे।नंबर 4 पर श्रेयस अय्यर खेलते हुए नजर आ सकते है, जो काफी समय से चोटिल होने के बाद अब फिट होकर मैदान पर कदम रखेंगे। नंबर 5 पर ईशान किशन को विकेटकीपिंग करते हुए देखा जा सकता है। केएल राहुल के मैच में उपलब्ध नहीं होने के चलते ईशान को प्लेइंग-11 में चांस मिल सकता है।नंबर 6 पर स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बल्ले से महत्वपूर्ण पारी खेलते हुए नजर आ सकते है। नंबर 7 पर उनका साथ देने रवींद्र जडेजा रहेंगे। इन दोनों बल्लेबाजों से मैच फिनिशर का रोल निभाने की उम्मीदें है। ऐसा रह सकता है गेंदबाजी सेक्शन टीम इंडिया दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतर सकती है। रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव बतौर स्पिनर खेलते हुए नजर आ सकते हैं, जबकि तेज गेंदबाज की कमान जसप्रीत बुमराह के पास है, जिन्होंने हाल ही में आयरलैंड सीरीज में कमाल का परफॉर्म किया था। उनके अलावा मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को मौका मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग-11 रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।



# राशिफल



**मेष-**:आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-**:आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-**:ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-**:इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-**:थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-**: व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-**: घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।


**वृश्चिक-**:आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**धनु-**:किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-**:आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-**:आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-**:आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।





## सम्पादकीय

# जानना जरूरी है संस्कृति के पन्नों से, कैसे बना संसार का प्रथम श्लोक

महर्षि वाल्मीकि ने अपने शिष्य भरद्वाज से कहा, 'मेरे मुख से जो छंद निकला है, वह शोक की अवस्था में उत्पन्न हुआ है इसलिए इसे 'श्लोक' कहा जाएगा।' श्लोक' शब्द सुनते ही मन में मांगलिक कार्य की छवि आँखों के सामने उभर आती है। परंतु आपको आश्चर्य होगा कि श्लोक जैसे पवित्र छंद की उत्पत्ति एक निर्दोष जीव की हत्या के कारण हुई। संसार का प्रथम श्लोक, वास्तव में एक ऋषि द्वारा अनजाने में दिया गया शाप है कथा यह है कि एक बार देवर्षि नारद, महर्षि वाल्मीकि से मिलने तमसा नदी पर स्थित उनके आश्रम में गए। तब वाल्मीकि ने नारद से प्रश्न किया कि संसार में इस समय ऐसा गुणवान्, धर्मज्ञ, सत्यवक्ता, सामर्थ्यशाली, प्रियदर्शन (सुंदर), कांतिमान् व्यक्ति कौन है, जिसके कोप से देवता भी डरते हैं? नारद ने वाल्मीकि को इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए दशरथ-पुत्र श्रीराम के विषय में बताया। इसके बाद देवर्षि लौट गए। इधर, तमसा का स्वच्छ जल देखकर वाल्मीकि के मन में स्नान करने की इच्छा हुई। उनके शिष्य भरद्वाज भी उनके साथ थे। जिस समय ऋषि, नदी में स्नान करने की तैयारी कर रहे थे, विधाता की कलम, प्रथम 'श्लोक' की उत्पत्ति की पटकथा लिख रही थी। तमसा के तट पर क्रौंच (सारस अथवा बगुला प्रजाति का पक्षी) का एक जोड़ा काम-क्रीड़ा में रत था। एक निषाद की दृष्टि उस पर पड़ी। उन्हें देखकर निषाद ने क्रौंच युगल पर निशाना साधकर बाण चला दिया। निषाद का बाण, नर क्रौंच की छाती के पार हो गया। उसे छटपटाता देखकर मादा क्रौंच विलाप करने लगी। कुछ ही क्षण बाद, नर क्रौंच के प्राण निकल गए। क्रौंच-वध का यह प्रकरण वाल्मीकि की दृष्टि में अधर्म था। वाल्मीकि को इतना शोक हुआ कि उनके मुख से एक छंद निकल गया - मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः। यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ।। अर्थात - हे निषाद! तुझे कभी प्रतिष्ठा (सम्मान) न मिले क्योंकि तूने काम से मोहित इस क्रौंच के जोड़े में से एक की हत्या की है। यह कहने के उपरांत महर्षि वाल्मीकि को एहसास हुआ कि उन्होंने वास्तव में शाप दिया है और अनजाने में उनसे एक नए छंद की रचना हो गई। उन्होंने अपने शिष्य भरद्वाज से कहा- 'मेरे मुख से जो छंद निकला है, वह शोक की अवस्था में उत्पन्न हुआ है, इसलिए इसे 'श्लोक' कहा जाएगा।' बाद में छंद पर और विचार करने पर वाल्मीकि ने पाया कि वह छंद चार पाद में आबद्ध था और प्रत्येक पाद में आठ-आठ अक्षर थे। कुल मिलाकर, 32 अक्षर वाले इस छंद को लय में भी गाया जा सकता था। छंद की इस नवीन शैली को 'अनुष्टुप' नाम मिला। इस तरह वाल्मीकि द्वारा 'अनुष्टुप' शैली में संसार के प्रथम श्लोक की रचना हुई। यहां प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि वाल्मीकि द्वारा उच्चारित यह छंद यदि पहला श्लोक था, तो इससे पूर्व वैदिक-कालीन संस्कृत साहित्य में उपलब्ध छंद क्या कहलाते हैं? दरअसल वैदिक साहित्य के अधिकांश छंद 'मंत्र' या 'ऋचा' कहलाते हैं। मंत्रों के लिए यह भी कहा जाता है कि वे मानव-रचित नहीं होते, अपितु गहन ध्यान की अवस्था में मानस- पटल पर दैवीय प्रेरणा से स्वयं अवतरित होते हैं। यही बात संभवतः ऋचाओं पर भी लागू होती है। ऋचा शब्द 'ऋक्' से धातु से बना है जिसका अर्थ है स्तुति/प्रशंसा करना। वेदों की अधिकतर ऋचाओं में किसी न किसी देवी-देवता की स्तुति/प्रशंसा की गई है। वेदांग की छह में से एक शाखा छंद है। जानकारी के अनुसार, छंद-शास्त्र में 1,300 प्रकार के छंदों का उल्लेख मिलता है और इनकी रचना के नियम भी अलग हैं। यह भी रोचक तथ्य है कि जहां सबसे पहले श्लोक का प्रयोग (अनजाने में) शाप देने के लिए हुआ, वहीं आज श्लोक (और मंत्रों आदि) का अधिकांश प्रयोग पूजा-अर्चना अन्य मांगलिक कार्यों की सिद्धि के लिए किया जाता है। 24,000 श्लोकों से युक्त रामायण ग्रंथ की रचना महर्षि वाल्मीकि तमसा नदी में स्नान करके पुनः अपने आश्रम में लौट आए किंतु उनके मन से श्लोक का विचार नहीं गया। तभी सृष्टिकर्ता भगवान् ब्रह्मा ने उन्हें दर्शन दिए और बोले - 'महर्षि, आपके मुख से यह छंद, मेरी ही प्रेरणा से निकला है। इसलिए अब आप इसी छंद का प्रयोग करके श्रीराम के संपूर्ण चरित्र का वर्णन कीजिए।' इस तरह कालांतर में, वाल्मीकि द्वारा 24,000 श्लोकों से युक्त संपूर्ण 'रामायण' ग्रंथ की रचना हुई।

# खुशी गायब होने की कुछ और वजह भी है

धीरे-धीरे चलकर रास्ता काटा जाता है। कपड़ा धीरे- धीरे बुनता है। पर्वत धीरे- धीरे चढ़ा जाता है। विद्या और धन भी धीरे-धीरे प्राप्त होते हैं - ये पांच कार्य धीरे- धीरे होते हैं। अक्सर माना जाता है कि यदि कोई अवसाद ग्रस्त है तो ज्यादातर समय वह उदास या निराश महसूस



करेगा। लेकिन कई लोगों को यह पता ही नहीं है कि अवसाद के सिर्फ ये ही लक्षण नहीं हैं। अवसाद का एक और सामान्य लक्षण है, जिसकी कई बार अनदेखी कर दी जाती है और वह यह कि जिन चीजों को आप अपने मनोरंजन या खुशी के लिए इस्तेमाल करते थे, वही अब बेकार लगने लगती हैं, उनमें कोई दिलचस्पी नहीं रह जाती। इस लक्षण को एनहेडोनिया कहते हैं, जिसमें इंसान को खुशी, आनंद या मजे जैसा कुछ महसूस नहीं होता। अवसाद से ग्रस्त 75 प्रतिशत वयस्कों और युवाओं में यह लक्षण हो सकता है। इसका इलाज और इससे उबरना अभी तक सबसे मुश्किल बना हुआ है। एनहेडोनिया को ऐसी उन सभी गतिविधियों में घटती दिलचस्पी या खुशी के रूप में परिभाषित किया गया है, जो पहले किसी व्यक्ति को अच्छी लगती रही हों। अगर कोई व्यक्ति कई दिनों से (जैसे कि लगातार दो हफ्ते से) एनहेडोनिया से ग्रस्त है तो उसके अवसाद का इलाज किया जा सकता है। एनहेडोनिया दूसरी समस्याओं का लक्षण भी हो सकता है, जैसे सीजोफ्रेनिया, चिंता और पार्किंसंस। एनहेडोनिया सिर्फ खुशी में कमी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि काम करने की प्रेरणा को भी मार देता है। कुछ लोग, पहले जिन सामान्य चीजों से खुश होते थे उनसे अब नहीं होते। मगर, कुछ युवाओं में यह मामला काफी गंभीर था। जैसे वे कुछ करना ही नहीं चाहते थे, यहां तक कि उनकी जीने की इच्छा भी खत्म-सी हो गई थी। इलाज के मौजूदा मानक तरीके मुख्य रूप से सामान्य अवसादग्रस्त मन और मस्तिष्क के इलाज पर केंद्रित होते हैं, न कि एनहेडोनिया की विशिष्टता पर पर। उदाहरण के तौर पर, संवाद से इलाज (टॉकिंग थैरेपी) का मुख्य लक्ष्य मरीज के भीतर नकारात्मक सोच कम करना है। लेकिन चूंकि एनहेडोनिया में खुशी, मजा आदि खत्म हो जाते हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक विपक्ष, कैसे वास्तविकता में बदलेगा पीएम मोदी को बाहर करने का नारा

विपक्षी गठबंधन की बड़ी चुनौती यह है कि वह मोदी को बाहर करने के नारे को वास्तविकता में कैसे बदले। गठबंधन के सदस्य मुखर होकर यह तो कह रहे हैं कि इस बार भाजपा जीत नहीं पाएगी। पर वे यह नहीं कह रहे कि ऐसा होगा कैसे। विपक्षी गठबंधन की बड़ी चुनौती यह है कि वह मोदी को बाहर करने के नारे को वास्तविकता में कैसे बदले। गठबंधन के सदस्य मुखर होकर यह तो कह रहे हैं कि इस बार भाजपा जीत नहीं पाएगी। पर वे यह नहीं कह रहे कि ऐसा होगा कैसे। अपना अस्तित्व खो देने का डर राजनीति में बहुत ज्यादा है। पटना में हुई बैठक के बाद से विपक्षी पार्टियां अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए इकट्ठा हो रही हैं। पिछले सप्ताह मोदी सरकार ने विपक्ष की आशंका बढ़ाते हुए 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की, साथ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक कमेटी गठित करने का भी एलान किया, जो एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव आयोजित कराने की संभावना पर विचार करेगी। एक साथ चुनाव कराने का तात्कालिक रास्ता तो राजनीतिक ही हो सकता है। संभव है कि जिन राज्यों में इस वर्ष और अगले साल के प्रारंभ में चुनाव होने वाले हैं, वहां जल्दी चुनाव कराए जाएं। यह भी संभव है कि भाजपा शासित राज्यों में विधानसभा भंग कर दी जाए और वहां चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही हों। दूसरी तरफ इसका विधायी रास्ता कई स्तरीय और जटिल है, क्योंकि इसमें अनेक मौजूदा कानूनों की समीक्षा की जरूरत पड़ेगी। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान के अनुच्छेद 83 (2) तथा अनुच्छेद 171 (1) में, जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 और जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 में तथा अविश्वास प्रस्ताव और दलबदल कानून की प्रक्रियाओं में संशोधन करना होगा। कमेटी को इन सबका विश्लेषण करने और संभावित समाधान प्रस्तावित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष के फौरी आक्रोश का कारण वस्तुतः यह अनुमान है कि लोकसभा का चुनाव समय से पूर्व भी हो सकता है। विगत शुक्रवार को विपक्ष ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के 'एक देश-एक चुनाव' अभियान का मुकाबला एकजुट विपक्ष के नारे के साथ किया। 28 विपक्षी दलों ने एक स्वर में संकल्प लिया, 'हम 'इंडिया' के दल यह संकल्प लेते हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेंगे।' इन दलों ने यह भी संकल्प लिया कि विभिन्न मुद्दों पर पूरे देश में एक साथ रैलियां करेंगे तथा संवादों, मीडिया रणनीतियों और चुनाव अभियानों के दौरान विभिन्न भाषाओं में थीम तैयार करने के मामले में एक-दूसरे के साथ सहयोग करेंगे। विपक्ष का यह गठबंधन राजनीति के अंकगणित के आधार पर बना है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटें जीती थी और उसका वोट प्रतिशत 37. 76 था। पिछले लोकसभा चुनाव में 142 सीटें जीतने का दावा करने वाले विपक्षी गठबंधन का कहना है कि भाजपा को तब विपक्ष के बिखरे रहने का लाभ मिला था। इस गठबंधन की सोच यह है कि अगर भाजपा से लड़ने वाली पार्टियां एक विपक्ष के तौर पर एकजुट होकर लड़ें, तो उनका वोट शेयर भी बढ़ेगा और सीटें भी बढ़ेंगी। विपक्षी एकता की बात सिद्धांततः सही लगती है। लेकिन अगर भाजपा को चुनाव में 50 फीसदी से अधिक वोट मिलते हैं, तो विपक्षी एकता का शिराजा बिखर जाएगा। सच यह है कि चुनावी मोर्चे पर 'इंडिया' के सामने विकट चुनौती है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने जो 282 सीटें जीती थी, उनमें से 136 में उसे 50 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। ऐसे ही, 2019 में भाजपा ने 303 सीटें जीती, जिनमें से 224 सीटों पर उसे 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए ने उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा के गठबंधन को बेअसर कर 80 में से 64 सीटें जीती थी, और इनमें से 50 सीटों पर उसे 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व पर बात तो बहुत हुई, लेकिन इस पर सर्वसम्मति नहीं है। नेतृत्व तो मायने रखता ही है, जमीनी स्तर पर किया जाने वाला समझौता ज्यादा महत्व रखता है। सीटें साझा करने का समझौता बेहद जटिल है, इसका पता मुंबई में भी चला, जहां कहा गया कि 'समझौता जितनी जल्दी संभव हो, किया जाएगा।' पश्चिम बंगाल में समझौता कैसे होगा, जहां वाम मोर्चे और कांग्रेस की लड़ाई तृणमूल से है? केरल में क्या होगा, जहां वाम मोर्चे और कांग्रेस के बीच लड़ाई है? दिल्ली और पंजाब में क्या करेंगे, जहां आप ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया है? वस्तुतः आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। पिछले लोकसभा चुनाव में 186 सीटों पर भाजपा से उसका सीधा मुकाबला था, जिसने 170 सीटें जीती थी। यह निर्विवाद कहा जा सकता है कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा पिछले कुछ दशकों में देखी गई सबसे मजबूत पार्टी है। यह भी सच है कि क्षेत्रीय पार्टियों को परास्त करने और अनेक राज्यों में अपनी पैठ बनाने में भाजपा को संघर्ष करना पड़ा है। बीती सदी के 60 के दशक के अंत में कहा जाता था कि दिल्ली से कलकत्ता जाते हुए कहीं भी कांग्रेस की सरकार के दर्शन नहीं होंगे। आज का विपक्ष इसे इस तरह से कह सकता है कि कोई तिरूवनंतपुरम से कोलकाता तक जाए, तो रास्ते में उसे भाजपा की सरकार किसी राज्य में नहीं दिखेगी। अलबत्ता 'इंडिया' गठबंधन की सफलता के रास्ते की बड़ी चुनौती यह है कि वह मोदी को बाहर करने के नारे को वास्तविकता में कैसे बदले। गठबंधन के सदस्य मुखर होकर यह तो कह रहे हैं कि इस बार भाजपा जीत नहीं पाएगी। लेकिन वे यह नहीं कह रहे कि ऐसा होगा कैसे। मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, कृषि समस्या, जाति जनगणना, स्त्री सशक्तीकरण और आर्थिक विकास पर सिर्फ सवाल करना सही नहीं है। गठबंधन को इन मुद्दों पर ऐसा वैकल्पिक समाधान भी पेश करना होगा, जो मतदाताओं को आकर्षित कर सके। भारतीय लोकतंत्र प्रतिस्पर्धी विचारों का आकांक्षी है। युवा भारत बदलाव चाहता है। युवा मतदाता पहले की तरह आगे भी आलसी राजनीति को खारिज कर देंगे, और ऐसे राजनेता सत्ता की उल्टी दिशा में खड़े मिलेंगे।




# बाघों को अपनों से खतरा, बढ़ती आबादी और दूसरे वन्यजीवों के साथ संघर्ष बड़ी चुनौती

एनटीसीए की मानें, तो बाघों की मौतों के पीछे एक प्रमुख वजह जंगल में बाघों की बढ़ती तादाद और उनका दूसरे वन्यजीवों के साथ बढ़ता संघर्ष है। राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण पर हमेशा से सवाल उठते रहे हैं। चाहे वह उसके शिकार, शिकारियों पर अंकुश, वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करने वाले गिरोहों और अधिकारियों की मिलीभगत, बाघों की संख्या, उनकी मौत के आंकड़े या उनके संरक्षण या प्रबंधन में नाकामी की बात हो, सवाल उठना कोई नई बात नहीं है। अभी हाल ही में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण यानी एनटीसीए ने खुलासा किया कि पिछले दस वर्षों में तकरीबन 1,105 बाघों की मौत हुई है। एनटीसीए के अनुसार, उसने 2012 से 2022 तक मारे गए 1,105 बाघों की पोस्टमार्टम व फॉरेंसिक रिपोर्ट की विस्तृत जांच की, लेकिन सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि उसमें से 27.97 फीसदी बाघों की मौत की पहेली अनसुलझी है। इसका खुलासा कर पाना विशेषज्ञों के लिए भी चुनौती है। वे आज भी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में नाकाम रहे हैं कि इन बाघों की मौत के पीछे वन्यजीव तस्कर या शिकारी हैं या इसका कोई और कारण है। एनटीसीए के मुताबिक, इस साल बीते आठ महीनों में कुल 125 बाघों की मौत हो चुकी है, जबकि 2022 में 121 बाघों की मौत हुई थी। एनटीसीए के दावों को मानें, तो इन मौतों के पीछे जंगल में बाघों की बढ़ती तादाद और उनका दूसरे वन्यजीवों के साथ बढ़ता संघर्ष है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि बाघों को बाहरी लोगों के मुकाबले अपनों से ज्यादा खतरा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बाघों की मौतों की जांच एनटीसीए ने अध्ययन के बाद बंद कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी है, उनमें 70 फीसदी से ज्यादातर बाघों की मौत आपसी संघर्ष और दूसरे वन्यजीवों के हमलों के कारण हुई है। यह अलग बात है कि वन विभाग ऐसी मौतों को प्राकृतिक मौत करार देता है। उसके अनुसार, इनमें बीमारी, बढ़ती उम्र यानी बुढ़ापा, आपसी संघर्ष व दूसरे वन्यजीवों के हमले अहम हैं। एनटीसीए के मुताबिक, बाघों के शिकार पर काफी हद तक वन अधिकारियों और पुलिस बल ने अंकुश पा लिया है। जहां तक अभयारण्यों का सवाल है, उत्तराखंड स्थित कार्बेट टाइगर रिजर्व बाघों के घनत्व के मामले में समूचे देश में शीर्ष पर है। 1288.31 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस टाइगर रिजर्व में तकरीबन 260 बाघ हैं। यहां भी पिछले चार वर्षों में 29 बाघ बढे हैं। 2014 में यह तादाद 215 थी। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2018 के बाद यहां बाघों की तादाद 12.5 फीसदी बढ़ी, जबकि 2021 से पाखरो टाइगर सफारी को लेकर कार्बेट टाइगर रिजर्व लगातार चर्चा में रहा। टाइगर सफारी के लिए अनुमति से ज्यादा यहां पर बडे पैमाने पर पेड़ों का कटान, बिना अनुमति कालागढ़ व पाखरो वन क्षेत्र में अवैध निर्माण का मामला काफी दिनों तक सुर्खियों में रहा। गौरतलब है कि जांच में इन मामलों की पुष्टि होने के बाद बाघों के वास स्थलों का मामला काफी चर्चित रहा। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, वन विभाग की 2,171 बीघा जमीन भूमाफिया और वन विभाग की मिलीभगत से बेच दिए जाने और वन क्षेत्र व रिजर्व में अवैध निर्माण के बावजूद बाघों की तादाद में बढ़ोतरी जहां महत्वपूर्ण उपलब्धि है, वहीं बाघों के संरक्षण की चुनौती भी काफी बढ़ी है, जिससे पार पाना आसान नहीं है। बाघों की बढ़ती मौतों की एक वजह बीमार, बूढे और अशक्त हो चुके बाघों पर युवा बाघों के हमले भी हैं, जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। एनटीसीए भले ही बाघों के शिकार पर अंकुश का दावा करे, लेकिन आए दिन बाघों की खाल, अंगों की बरामदगी सहित वन्यजीव तस्करों की गिरफ्तारी इसके सबूत हैं कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा वन्य जीव संरक्षण संशोधन अधिनियम, 2022 लागू किए जाने के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। इनमें मानवीय भूमिका के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। लेकिन इसके लिए वन्यजीवों के साथ संघर्ष, उनके शिकार पर अंकुश तथा जीवों और वानस्पतिक विरासत के प्रति हमारा संवेदनशील रवैया बेहद जरूरी है।



### राजनाथ सिंह बोले '20 सालों से कांग्रेस में राहुलयान की न तो लॉन्चिंग हो पाई है

भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान में परिवर्तन यात्रा के तीसरे चरण के तहत पश्चिमी राजस्थान के सरहदी जैसलमेर और विश्व प्रसिद्ध लोक देवता बाबा रामदेव की नगरी रामदेवरा से आगाज हुआ जिस की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरी झंडी रख कर रवाना किया।राजस्थान के सरहदी जैसलमेर और विश्व प्रसिद्ध लोक देवता बाबा रामदेव की नगरी रामदेवरा से आगाज हुआ जिस की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरी झंडी रख कर रवाना किया। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई लेकिन राहुलयान की न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाबा रामदेव समाधि स्थल के दर्शन किए और उसके बाद जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई लेकिन राहुलयान की न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। हाल ही में इंडिया गठबंधन और सनातन को समाप्त करने के बयान पर पलटवार करते हुए राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन के लोग सनातन पर लगातार प्रहार कर रहे हैं और कांग्रेस चुप है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए 28 दल एक साथ आए हैं। इस गठबंधन के हालात लेकिन ऐसे हैं कि नाम बड़े और दर्शन छोटे। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने उसे बयां की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को माफी मांगनी चाहिए। इतना ही नहीं राजनाथ सिंह ने मंच से राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर भी जमकर निशाना साधा।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार पुलिस परिसर पर ड्रोन हमले में सैन्य कमांडर सहित पांच की मौत, पीपुल्स डिफेंस फोर्स पर लगे आरोप

**बैंकाक।** पूर्वी म्यांमार स्थित पुलिस परिसर में ड्रोन हमले में एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। वरिष्ठ सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाकर किया गया सबसे घातक हवाई हमला माना जा रहा है। फरवरी 2021 में निर्वाचित आंग सान सू की सरकार से सत्ता छीनने वाली सेना के खिलाफ दो साल से सशस्त्र प्रतिरोध जारी है। जिला पुलिस कार्यालय परिसर थाइलैंड की सीमा पर दक्षिणपूर्वी कायिन राज्य में एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र म्यावाडी शहर में स्थित है। उन्होंने बताया कि हमले में घायल 10 सुरक्षा और



प्रशासनिक अधिकारियों का इलाज म्यावाडी स्थित सैन्य अस्पतालों में किया जा रहा है। जिला पुलिस कार्यालय के प्रमुख सहित चार अन्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए पड़ोसी थाईलैंड के माई साट शहर भेजा गया है। म्यांमार में सुरक्षा बलों के खिलाफ स्थानीय सशस्त्र प्रतिरोध समूहों का गठन किया गया है। उन्हें पीपुल्स डिफेंस फोर्स या पीडीएफ कहा जाता है। माना जा रहा है कि यह हमला पीडीएफ द्वारा किया गया है। पीडीएफ ने सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रमुख जातीय गुरिल्ला समूहों के साथ गठबंधन किया है, जो अधिक स्वायत्तता की मांग करते हुए दशकों से सेना के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष कर रहे हैं। दो बचावकर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रविवार को ड्रोन से दो बम गिराए गये थे।

### कराची में चीनी सब्जी के बाद अब दूध की किल्लत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छूने के बाद अब दूध का संकट उत्पन्न होने जा रहा है। दाम बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दुग्ध विक्रेताओं ने प्रदर्शन कर सोमवार से दूध खरीद बंद करने की घोषणा की है। इससे सब्जी और चीनी के बाद अब कराची में दूध की भी किल्लत हो जाएगी। पाकिस्तान में दूध के दाम को लेकर दुग्ध विक्रेताओं और फर्म मालिकों के बीच तनाव चल रहा है। प्रशासन ने प्रति लीटर 180 पाकिस्तानी रुपये दूध का दाम तय कर रखा है लेकिन खुदरा विक्रेता कीमत ज्यादा वसूल रहे हैं। कराची के विभिन्न भागों में 220 रुपये प्रति लीटर तक दूध मिल रहा है। दुग्ध खुदरा विक्रेता कल्याण संघ ने कहा वो बिक्री केंद्रों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करेंगे।

# राष्ट्रीय पोषण माह में प्रभारी मंत्री ने दिखाई पोषण रैली को हरी झंड़ी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ सोमवार को प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रचार वाहन एवं पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्लोगन व नारों के माध्यम से लोगों को कुपोषण दूर करने और जनसमुदाय को पोषण के लिए सही व्यवहार अपनाने के लिए संदेश दिया गया। रैली अट्टा व छलेरा की गलियों में होते हुए छलेरा प्राथमिक विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय छलेरा में चार बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी उपस्थित रहीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया- वर्ष 2018 से हर साल सितम्बर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जन जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीमठठ सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत ठहै। पोषण अभियान के अंतर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। इस वर्ष सितंबर 2023 में आयोजित पोषण माह प्रभावी स्तनपान व संपूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण सुधार, मेरी माटी मेरा देश, एनीमिया स्तर में सुधार के लिए प्रशिक्षण उपचार व संवाद.. आदि पर फोकस किया जा रहा है। पोषण माह 30 सितम्बर तक चलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया-पोषण अभियान के अन्तर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती, स्तनपान कराने वाली धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार किये जाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के निर्देशन में समस्त कन्वर्जेंस विभागों के साथ पोषण व स्वास्थ्य सम्बन्धी गतिविधियां वृहद स्तर पर आयोजित की जाएंगी।



# मैहर जिला घोषित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने घन्टाघर कार्यक्रम स्थल पर नरोत्तम मिश्रा के द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा आज पहुंचे मैहर आज प्रातः कालीन जगत जननी मां शारदा के दर्शन कर पूजा अर्चना की मां शारदा के प्रधान पुजारी पवन दाऊ जी महाराज ने मां की चुनर एवं श्रीफल प्रसाद भेंट किया मैहर जिला को लेकर लगातार चर्चा रही की जिला कब बनेगा,व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही करेंगे,ऐसे में आज जन आशीर्वाद यात्रा पर , शिवराज सिंह चौहान के नहीं आने पर लोगों में जिला ना बने पर निराश भी हो रहे हैं,ऐसे में आज जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सभा स्थल घन्टाघर चौक पहुंचने के बाद मन्च से लाइव प्रसारण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विडियो कान्फ्रेंस के ज़रिए जिला घोषित किया, नरोत्तम मिश्रा रहेंगे के साथ कई मंत्री मंडल के सदस्य व जिले के सांसद गणेश सिंह आज मौजूद रहे।मैहर को जैसे सीएम शिवराज सिंह जी ने जिला घोषित किया सर्वप्रथम प्रदेश कार्यक्रम सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने सभी का मुंह मीठा कराया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान आया सामने.. कहा कि 7 दिन में जिला बनाने की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी और अगले 15 दिनों में मैहर में कलेक्टर एवं एसपी बैठ जाएंगे। जन आशीर्वाद यात्रा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में निकली गई भाजपा संगठन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कार्यकाल एवं उपलब्धियो को लेकर तीन सितंबर से आरम्भ जन आशीर्वाद यात्रा आज दिनांक 5 सितंबर 2023 को मैहर से आरंभ होगी त्मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा,मन्त्री राजेन्द्र शुक्ला एवं सतना जिले के सांसद गणेश सिंह जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की उपस्थिति में आज दिनांक 5 सितंबर को जन विकास यात्रा मैहर नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहा से भ्रमण करती हुई गुजरेगी त् निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:00 बजे से यात्रा का आरंभ मैहर देवीधाम हेलीपैड से होगा बड़ा अखाड़ा, नगर पालिका, चौपाटी ,गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर, मालियांन टोला, किला चौराहा ,रहीम चौराहा, रंगलाल चौराहा, बड़े हनुमान जी मंदिर , खुद्धखुध्द दास मंदिर, चौरसिया मोहल्ला ,राम मंदिर ,पूर्व दरवाजा ,एमपीईबी, हॉस्पिटल ,पुलिस थाना ,घंटाघर चौराहा, घंटाघर चौराहे पर रथ सभा का आयोजन भी होगा इसके बाद यात्रा सिद्धार्थ कंपलेक्स, चंडी देवी मंदिर, स्टेट बैंक चौराहा, काली माता चौराहा, दीनदयाल भवन ब्रिज के उस पार, चौरसिया धर्म कांटा ,होटल प्रयागराज, कटिया, पहाड़ी, नरौरा, लखवार ,भेंढा, बड़हिया, जरियारी मोड़,रिगरा,जमताल,कंचनपुर मोड बाईपास तक जाकर अमरपाटन विधानसभा के लिए प्रस्थान करेगी और अगले गंतव्य के लिए रवाना हो जाएगी ।



# मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गृहमंत्री अमित शाह से की चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर राज्य से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को पूरी तरह से वापस लेने के रोडमैप पर चर्चा की है। सीएम सरमा ने कहा कि उनकी सरकार गृहमंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया साइट एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर लिखा असम से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूरी तरह से वापस लेने के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए मैंने आज माननीय केंद्रीय गृहमंत्रीं सूर्एप्प् जी से उनके आवास पर मुलाकात की। असम सरकार माननीय गृहमंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया साइट एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर लिखा, असम से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूरी तरह से वापस लेने के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए मैंने आज माननीय केंद्रीय गृहमंत्री जी से उनके आवास पर मुलाकात की। असम सरकार माननीय गृहमंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी।ठ विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए) 1958 अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को ठसार्वजनिक व्यवस्था के रखरखावठ के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने जैसी बड़ी शक्तियां देता है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिएं इएंई के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है। सशस्त्र बलों को दी गई इन शक्तियों के कारण, कई संगठनों ने इस अधिनियम को ठकठोरठ करार दिया है और इसे रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पूरे असम में अशांत क्षेत्र अधिसूचना 1990 लागू है और इसे केंद्र सरकार और अब राज्य सरकार द्वारा लंबी अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। असम के इन जिलों में लागू है अप्रैल 2022 को,के तहत लगाया गया अशांत क्षेत्र टैग, नौ जिलों को छोड़कर असम के सभी जिलों और जिलों के उपविभागों से हटा दिया गया था।



# इन्द्र प्रस्थ ग्लोबल में वेस्ट टैलेंट शो का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 93 बी इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल ऑडिटोरियम मे कल्पराज आर्ट एंड कल्चर सेंटर द्वारा प्रस्तुत बेस्ट टेलेंट शो का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य आयोजक राजेंद्र चौहान वा कल्पना चौहान थी। सुरताल संग्राम ग्रैंड फाइनल मे मुख्य जज की भूमिका में कैलास कुमार नेहा खन्क्रियाल कल्पना चौहान रही। आम कार्यक्रम में उत्तराखंड के 13 जिलों के प्रतिभागियों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें 3 लोगों का चयन हुआ। विजेता में प्रथम उत्तराखंड पौड़ी की साक्षी डोभाल बनी 2023 विजेता द्वितीय देहरादून के अविनाश भारद्वाज,तृतीय विजेता दिल्ली की शगुन उनियाल। उत्तराखंड सुरताल संग्राम सीजन 7 वर्ष 2023 रही। इस कार्यक्रम के अवसर पर जहां ऑडिटोरियम खचाखच भरा हुआ था वहीं दर्शक दीर्घा मे बैठे लोगो ने इस कार्यकर्म का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर महाकौथिग के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व टीम आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# पुलिस व ईनामी बदमाश के बीच हुयी पुलिस मुठभेड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना फेस 3 पुलिस व लुटेरे/ चोर/10 हजार रूपये के ईनामी बदमाश नेमपाल पुत्र श्रीपाल निवासी रजवाना थाना जुनावई जिला सम्भल को पुलिस मुठभेड के उपरान्त सेक्टर 71 से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी थी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया है। जिसको उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 चोरी की मोटर साइकिल स्प्लेण्डर, 1 तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस बरामद किये गये है।बरामद मोटर साईकिल थाना अशोक नगर क्षेत्र से दिल्ली से चोरी की है। अभियुक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वर्ष 2017 से वांछित चल रहा था तथा थाना जुनावई से भी वांछित चल रहा है। अभियुक्त के विरूद्ध करीब 2 दर्जन अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।



# सनातन धर्म को गाली देना गलत है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सर्वशक्ति साधना मंडल नोएडा शाखा के बरिष्ठ सदस्य रवि राघव ने द्रमुक नेता उदय निधि स्टालिन की सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है और उदय निधि स्टालिन की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है उन्होंने कहा है कि सनातन धर्म को गाली देना कुछ नेताओं का फैशन हो गया है ऐसे सभी नेताओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए , आजकल सबसे सॉफ्ट टारगेट हिंदू है जिसके मन में जो भी आता है बोलकर चला जाता है क्योंकि हम अपने जाति प्रेम और जातिवाद में इतने मतवाले हो चुके हैं कि हमें अपनी जाति से बड़ा कुछ भी समझ में नहीं आता है। इसी का फायदा अन्य लोग उठा रहे हैं। हमें अपने घर्म के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। और ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। पद और सत्ता के मद में चूर होकर अनाप-शनाप बयानबाजी करने वाले लोगों को सबक सिखाना होगा तभी इनकी वयानबाजिया बंद हो सकेगी।



# नेकी का डब्बा फाउन्डेशन ने 300 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** ग्रेटर टेकजोन 4 नेकी का डब्बा फाउंडेशनठ की मुहिम के तहत ठनेकी का दोना-पत्तलठ के कार्यक्रम में, लगभग 300 जरूरतमंद को भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक रोहित कठपाल एवम् ऋतु गुप्ता थे। नेकी का डब्बा फाऊंडेशनठ के संस्थापक गिरीश शुक्ला ने बताया कि हमलोग पिछले कई सालों से गरीब जरूरतमंदों के लिए काम करते आ रहे है जिसका आधार उतरन से है। कुछ वर्ष पूर्व संस्था की संयोजक कमेटी पूजा ठेनुआ, उर्वशी, संगीता कमल किशोर, रजत अग्रवाल और अन्य ने संकल्प लिया कि सेवा बस्ती (झुग्गियों) में रहने को मजबूर जरूरतमंदों को भोजन कराएंगे और इस मुहिम का नाम ठनेकी का दोना-पत्तलठ रखा गया, जिसका नामकरण जानी-मानी उपन्यास लेखिका सपना जैन जी के द्वारा किया गया। यह मुहिम भूखे को खाना खिलाने का एक अनोखा प्रयास है, चूंकि उक्त मुहिम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर हुई अतः टीम इस कार्यक्रम में कभी भी प्लास्टिक / थर्माकोल के प्लेट का इस्तेमाल नहीं करती। अब लोग बंद कमरों में केक काटने के बजाय गरीब जरूरतमंदों के बीच जाकर खुशियां बांटने में ज्यादा यकीन करने लगे हैं। इस तरह मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद गरीब जरूरतमंद तक पहुंचाने का माध्यम नेकी का डब्बा फाउण्डेशन बन रहा है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोगों में पी.एन. राय, हर्षवर्धन मिश्रा रजत अग्रवाल, डी एन सेठ इत्यादि उपस्थित थे।



# जो बाइडन की पत्नी जिल हुईं कोरोना पॉजिटिव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी और प्रथम महिला जिल बाइडन कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। यू.एस. व्हाइट हाउस ने सोमवार को जानकारी देते हुए कहा कि जिल को कोरोना के हल्के लक्षण मिले हैं, जबकि राष्ट्रपति जो बाइडन का टेस्ट नेगेटिव आया है। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। यू.एस. व्हाइट हाउस ने सोमवार को जानकारी देते हुए कहा कि जिल को कोरोना के हल्के लक्षण मिले हैं जबकि राष्ट्रपति जो बाइडन का टेस्ट नेगेटिव आया है। बाइडन की 72 वर्षीय पत्नी को आखिरी बार पिछले साल अगस्त में कोविड हुआ था ।



# अमेरिका के बर्मिंघम नाइट क्लब में गोलीबारी, दो लोगों की मौत; तीन घायल

**अलबामा।** अमेरिका स्थित अलबामा में सोमवार सुबह एक 5वें एवेन्यू नॉर्थ पर बर्मिंघम नाइट क्लब में हमलावर ने गोलीबारी कर दो लोगों की जान ले ली और 3 अन्य को घायल कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों को जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तब भी बंदूकधारी ने घायलों को निशाना बनाया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में घायलों के स्ट्रेचर पर उन लोगों को निशाना बनाकर गोलियां चलाई गईं, जो नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में घायल हुए थे। अमेरिका के अलबामा में मजदूर दिवस की सुबह 5वें एवेन्यू नॉर्थ पर बर्मिंघम नाइट क्लब में सोमवार सुबह 217 बजे ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई। जिसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग बुरी तरह से घायल हो गए है। बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़े पैमाने पर गोलीबारी एक चिंताजनक समस्या बन गई है। सीएनएन से संबद्ध डब्ल्यूवीटीएम के अनुसार, पहली गोलीबारी मजदूर दिवस की सुबह 5वें एवेन्यू नॉर्थ पर बर्मिंघम नाइट क्लब में हुई। बर्मिंघम अस्पताल के अलबामा विश्वविद्यालय के प्रवक्ता के अनुसार, गोलीबारी सोमवार सुबह 2:17 बजे हुई जब घायलों को लेकर एक वाहन वहां पहुंचा, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे पहले की ऑफ-साइट गोलीबारी में घायल हो गए थे। ने भी सनातन धर्म पर की टिप्पणी स्टालिन के बेटे का ये बयान तो हमने बता दिया अब इसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने भी सनातन धर्म को बीमारी बताया है. दूसरी तरफ इस मामले पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ये लोग सनातन धर्म का अपमान कर रहा है. उन्होंने लोगों से पूछा कि मुझे आप बताएं कि क्या वो सनातन धर्म को समाप्त करने के लिए तैयार हैं क्या. इसके बाद उन्होंने क्या कुछ कहा आइए सुनते हैं. सीएनएन के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा, "शूटर गोलीबारी के तुरंत घटनास्थल से भाग गया।" आपको बता दें कि अमेरिका में गोलीबारी की खबरें निवासियों के लिए आम हो गई हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़े पैमाने पर गोलीबारी एक चिंताजनक समस्या बन गई है। कुछ दिन पहले भी हुई थी गोलीबारी की घटना सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्जिया के अधिकारियों ने कहा कि इससे पहले भी एक 17 वर्षीय लड़के की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, क्योंकि उसने कथित तौर पर एक पुलिस कुत्ते को मार डाला था और अधिकारियों पर अपनी बंदूक तान दी थी।क्लेटन काउंटी पुलिस विभाग के सहायक प्रमुख ब्रूस पार्क्स ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान किशोर की पहचान स्टीफन फोर्ड के रूप में की है।



# 500 करोड़ में शामिल होने के बाद धीमी हुई गदर 2 की रफ्तार, सोमवार को बस इतनी कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर 2' की रिलीज को टाइम हो चुका है, लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार




सफलता के झंडे गाड़ रही है। 22 साल बाद अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म से अमीषा पटेल और सनी देओल 'तारा सिंह' और 'सकीना' बनकर लौटे थे। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है। रविवार को सिंगल डे पर तारा सिंह छा गए। 24वें दिन भी उनकी और अमीषा पटेल स्टारर गदर 2 ने लगभग 8 करोड़ का बिजनेस किया। हालांकि सोमवार को वर्किंग डे की वजह से गदर 2 के कलेक्शन में भारी गिरावट आई। सनी देओल की इस फिल्म ने 24 दिनों में ही 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। शाह रुख खान की पठान और प्रभास की बाहुबली 2 को पछाड़ते हुए 'गदर 2' सबसे तेज कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। रविवार की शानदार कमाई के बाद सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट आई। सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर 2' ने इसके चौथे वीकेंड पर भी शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने शनिवार को लगभग 5.72 करोड़ और रविवार को लगभग 8 करोड़ के करीब कमाई की थी। हालांकि, अन्य फिल्मों की तरफ सनी देओल की 'गदर 2' पर भी वर्किंग डे का असर साफ तौर पर देखने को मिला। इस फिल्म की सोमवार को कमाई काफी घट गई। सैनलिक.कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने सिर्फ सोमवार को 2.49 करोड़ की कमाई की है। मंडे की कमाई में ये फिल्म 'ड्रीम गर्ल-2' चंद रुपयों से पिछड़ गई है। 'गदर 2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब तक 503.66 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है।बॉलीवुड में अपने ढाई किलो के हाथ के लिए फेमस सनी देओल ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दी हैं। घायल से लेकर दामिनी सहित उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए। हालांकि, अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'गदर 2' सनी देओल के करियर की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म है। 60 साल के सनी देओल के करियर की 'गदर 2' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। ये फिल्म इंडिया में तो अच्छा बिजनेस कर रही है।

# आलिया भट्ट ने ससुर ऋषि कपूर की बर्थ एनिवर्सरी पर शेयर की खास तस्वीर, लिखा- 'हमेशा हमारे साथ'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आज दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर की बर्थ एनिवर्सरी है।





एक्टर तीन साल पहले इस दुनिया को हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। उनके जाने से उनका परिवार काफी टूट गया था, लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ रणबीर कपूर से लेकर नीतू कपूर ने खुद को संभाल लिया। ऋषि कपूर की बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर परिवार वाले और उनके फैंस उन्हें काफी मिस किया। वहीं उनकी बहू आलिया भट्ट ने भी अपने ससुर जी को याद कर उनकी एक तस्वीर शेयर की है। इस बीच आलिया भट्ट ने ससुर ऋषि कपूर की जो फोटो शेयर की है उसमे तस्वीर रणबीर कपूर भी नजर आ रहे हैं। ये फोटो एक्ट्रेस की शादी है। आज उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर परिवार वाले और उनके फैंस उन्हें काफी मिस किया। वहीं उनकी बहू आलिया भट्ट ने भी अपने ससुर जी को याद कर उनकी एक तस्वीर शेयर की है। बता दें, ऋषि कपूर को आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के रिश्ते के बारे में सब पता था। आलिया ऋषि कपूर के इलाज के समय उनसे मिलने न्यूयॉर्क जाया करती थी। आलिया ने भी उस वक्त उनका काफी ख्याल रखा था। ऋषि कपूर भी आलिया और रणबीर की शादी करवाना चाहते थे। वह चाहते थे कि साल 2020 में वह आलिया और रणबीर की ग्रैंड शादी करवाएं, लेकिन उससे पहले उनका निधन हो गया। आलिया भट्ट ने ससुर ऋषि कपूर की जो फोटो शेयर की है, उसमे तस्वीर रणबीर कपूर भी नजर आ रहे हैं। ये फोटो एक्ट्रेस की शादी है। जब अपनी शादी में रणबीर ने पापा की तस्वीर हाथ में लिए पोज दिए थे। इस फोटो के कैप्शन में आलिया ने लिखा, 'हमेशा हमारे साथ'। ऋषि कपूर एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट की खूब तारीफ की थी। उन्होंने आलिया के टैलेंट और फिल्मों के उनके चुनाव को सराहा था। उन्होंने कहा, ठमैं आलिया भट्ट जैसों की तारीफ करता हूं, जो जैसी फिल्में साइन करके चुनौतीपूर्ण किरदार उठाते हैं।ठ बता दें, ऋषि कपूर और आलिया ने फिल्म कपूर एंड संस में काम किया था। दूसरी ओर, ऋषि कपूर की पत्नी, नीतू कपूर और बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी ने उनकी याद में थ्रोबैक वीडियो साझा किए। कहानी साझा करते हुए रिद्धिमा ने पोस्ट को कैप्शन दिया था, हैप्पी बर्थडे पापा..आपकी कुछ और याद आती है।

# भूख और ईमानदारी के बीच बहस करती है बंबई मेरी जान, ट्रेलर देख रिलीज का करेंगे इंतजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ओटीटी प्लेटफॉर्म अब



एक और क्राइम से जुड़ी वेब सीरीज लेकर आ रहा है। कुछ दिनों पहले सीरीज 'बंबई मेरी जान' का पोस्टर जारी किया गया था। वहीं, अब ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो 1970 के दशक में बंबई में तेजी से फैलते माफिया राज की कहानी कहती है।ओटीटी प्लेटफॉर्स अब तक क्रिएटिव कंटेंट से भरी दुनिया की सैर करा चुका हैं। साल 2023 में भी दर्शक कुछ जबरदस्त वेब सीरीज की राह देख रहे हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट बंबई मेरी जान की घोषणा की थी। वहीं अब सोमवार को सीरीज का धमारेदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 'बंबई मेरी जान' में केके मेनन और अविनाश तिवारी लीड रोल में हैं। केके एक ईमानदार पुलिसवाले 'इस्माइल कादरी' के रोल में हैं, तो अविनाश उनके बेटे 'दारा कादरी' का किरदार निभा रहे हैं, जो पिता की राह पर न चलते हुए पावर और पैसे की दुनिया को चुनता है और माफिया बन जाता है। ट्रेलर की शुरुआत में पहला डायलॉग की शुरुआत ङ्कजब ईमानदारी भूख से टकराती है तो हमेशा हारती है। मैं ईमानदार था पर डरा भूखा था।ङ्क के साथ होती है, जो कहानी को कुछ हद तक बयां कर देता है। इसके बाद एंट्री होती है इस्माइल कादरी की, जिसे जुनून है कि वो पूरे बंबई से क्राइम का सफाया कर दे। वहीं, गरीबी और भूख से परेशान दारा कादीर के लिए पिता के उसूल कोई मायने नहीं रखते। इस बीच बंबई की गलियों में बढ़ता गैंगवार और अपराध उसे अपनी ओर खींच लेता है। अब लड़ाई ईमानदार पुलिस वाले और क्राइम की दुनिया में अंदर तक धंस चुके उसके बेटे के बीच है। इस्माइल कादरी क्या बेटे को खत्म कर देगा या दारा कादरी रास्ते की रुकावट बने पिता की कहानी खत्म कर देगा ? सीरीज इसी मोड़ के साथ आगे बढ़ती है। बंबई मेरी जान' का ग्लोबल प्रीमियर 14 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज में 10 एपिसोड्स है। बंबई मेरी जान की स्टार कास्ट की बात करें तो सीरीज में अविनाश तिवारी और केके मेनन के साथ कृतिका कामरा निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर अहम किरदारों में हैं। सीरीज के डायरेक्ट 'बंबई मेरी जान' को शुजात सौदागर ने डायरेक्ट किया है। वहीं, एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर ने सीरीज को प्रोड्यूस किया है। 'बंबई मेरी जान' रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा बनाई गई हैं। सीरीज की कहानी एस हुसैन जैदी ने लिखी है।

# एजुकेशन पर बनी सीरीज, इंजीनियरिंग से लेकर सीए और आई ए एस की तैयारी करते दिखे स्टूडेंट्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ओटीटी स्पेस में ऐसी कई वेब सीरीज मौजूद हैं, जिनमें स्कूल, कॉलेज और स्टूडेंट्स की जिंदगी दिखायी गयी है। इन सीरीज की कहानियों से दर्शक जुड़ते भी हैं और कभी-कभी तो अपनी जैसी नजर आती हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर ऐसी वेब सीरीज की बात, जिनमें स्टूडेंट्स की जिंदगी दिखायी गयी। अभी तक आपने बॉलीवुड में कई कलाकारों को टीचर का किरदार निभाते हुए देखा होगा। आपको बता दें कि ऐसी कई ऐसी वेब सीरीज भी हैं जिसमें टीचर और स्टूडेंट्स की जिंदगी को दिखाया गया है। इसमें कोटा फैक्ट्री हाफ सीए जैसी कई सीरीज शामिल हैं। चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसी ही बेस्ट वेब सीरीज के बारे में जो दर्शकों को काफी पसंद आई थीं इस वेब सारीज में दिखाया है कि सीए की तैयारी करना आसान नहीं होता है। छात्रों की जिंदगी कितनी मुश्किल होती है। दुनिया के सबसे कठिन प्रोफेशनल कोर्सेज में से एक सीए की तैयारी करने से लेकर फाइनल एग्जाम तक पहुंचने तक की छात्रों की कठिन जर्नी को दिखाया गया है। यह शो




पिछले महीने 26 जुलाई को अमेजन मिनीटीवी पर रिलीज हुआ था। इस सीरीज की कहानी कोटा के इर्द-गिर्द बुनी गई है। सीरीज की कहानी मूल रूप से इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी पर आधारित है। इस सीरीज में विद्यार्थियों और प्रवेश परीक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं को बेहद रोचक तरीके से उजागर किया गया है। यह सीरीज के दो सीजन रिलीज हो गए है जिन्हे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते है। 'कोटा फैक्ट्री' में जीतू भैया का किरदार 'जितेंद्र कुमार' ने निभाया है। इस सीरीज में वो फिजिक्स पढ़ाते हुए दिखाई देते हैं। अपने इस किरदार से उन्होंने लोगों के बीच अपनी अलग जगह बनाई है। यूपीएससी की परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। टीवीएफ की सीरीज 'एस्पिरेंट्स' की कहानी भी ऐसे ही तीन दोस्तों की है, जो यूपीएससी परीक्षा देकर आईएएस बनने के इच्छुक हैं। उनमें से एक दोस्त अभिलाष यूपीएससी क्लियर कर लेता है, जबकि एख् और गुरी क्रैक नहीं कर पाते। इस सीरीज को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। यह 'एस्पिरेंट्स' सीरीज का पहला स्पिन ऑफ है, जिसमें दिल्ली के राजेंद्र नगर में यूपीएससी की तैयारी करवाने वाले एसके सर की जिंदगी दिखायी गयी है। 'एसके सर' अपने एक स्टूडेंट आशीष अरोड़ा को यूपीएससी की तैयारी करवाने में जान लगा देते हैं। यह सीरीज इस बात पर जोर देती है कि एक टीचर का स्टूडेंट की लाइफ पर कितना असर रहता है। कहानी के केंद्र में एक समर्पित टीचर संदीप भैया है, जो स्टूडेंट्स को सिखाने के लिए सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहते हैं। संदीप भैया के किरदार में सनी हिंदूजा हैं। यह एस्पिरेंट्स सीरीज का दूसरा स्पिन ऑफ है। यह व्यापम घोटाले से प्रेरित सीरीज है, जिसमें गौहर खान ने लीड रोल निभाया है। एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हुई सीरीज में गुलशन देवैया और पवन मल्होत्रा ने अहम किरदार निभाये थे।

# कटरीना कैफ संग अपने रिश्ते को लेकर विक्की कौशल ने किए नए खुलासे, बताया कब शुरू हुआ था अफेयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**अभिनेता विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2021 में धूमधाम से शादी की थी। इस ग्रैंड शादी की



तस्वीर और वीडियो खूब वायरल भी हुई। इस साल दिसंबर में इस कपल की शादी को पूरे दो साल होने वाले है। ऐसे में अब एक इंटरव्यू में विक्की कौशल ने अपने रिश्ते के बारे में एक खुलासा किया है। विक्की कौशल और कटरीना कैफ की शादी को दो साल पूरे होने को है । अब हाल ही में विक्की कौशल ने अपनी लव-लाइफ को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि शुरुआत में कटरीना से अटेंशन मिलने पर उन्हें कैसा महसूस होता था । विक्की ने हाल ही 'वी आर युवाज के बी ए मैन यार' एपिसोड में नजर आए। इसमें उन्होंने कटरीना को डेट करने से लेकर पर्सनल लाइफ और शुरुआत में मिली अटेंशन पर बात की। विक्की कौशल ने बताया है कि शुरुआत में कटरीना से अटेंशन मिलने पर उन्हें कैसा महसूस होता था। उन्होंने कहा, पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि कटरीना उन्हें तवज्जो दे रही हैं, लेकिन बाद में कटरीना को जानने के बाद उन्हें उनसे प्यार हो गया। विक्की ने आगे कहा, 'मुझे उस वास्तविकता के साथ तालमेल बिठाने में परेशानी हुई। वो फैक्टर भी कारण ही नहीं, जिससे मैं कटरीना से प्यार कर बैठा। जब मैंने कटरीना को करीब से जाना तो प्यार हो गया। वह बहुत अच्छी इंसान हैं और मुझे पता था कि मैं उन्हें अपने जीवन साथी के रूप में पाना चाहूंगा। सबसे पहले तो मुझे उनसे जो अटेंशन मिलती थी, उससे अजीब लगता था। मैं सोचता था कि हे, तुम ठीक तो हो ऐसा नहीं था, कि मैं ज्यादा अटेंशन नहीं दे रहा था। बल्कि यह दोनों तरफ से था। वह बहुत ही कमाल की इंसान थीं और अब भी हैं।विक्की कौशल ने खुलासा किया कि उनका रिश्ता तब शुरू हुआ था, जब उन्होंने एक्ट्रेस को एक मैसेज करके डिनर के लिए पूछा था। विक्की ने कहा कि उन्हें इस बात का यकीन नहीं था कि कटरीना उनसे शादी के लिए हां कहेंगी। विक्की ने कहा कि उनकी कोर्टशिप इस स्टेज तक नहीं पहुंची थी, जिसमें सस्पेंस हो और वह सोचें कि अगर शादी के लिए पूछेंगे तो जवाब हां होगा या ना। इस कपल के वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ जल्द सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में नजर आने वाली है। इसके अलावा 'मैरी क्रिसमस' है। इसमे उनके अपोजिट विजय सेतुपति नजर आएंगे। तो वहीं, विक्की कौशल सैम बहादुर में नजर आने वाले है। इसके अलावा 'डंकी' और 'मेरे महबूब मेरे सनम' में नजर आएंगे।

# इब्राहिम अली के हाथ लगा एक और बड़ा प्रोजेक्ट, इस फेमस डायरेक्टर संग मिलाया हाथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में हर साल किसी न किसी स्टार किड का डेब्यू होता है। इस बार शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान, खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन



के नाती अगस्त्य नंदा का डेब्यू चर्चा में है। ये स्टार किड्स जल्द जोया अख्तर की फिल्म से डेब्यू करने जा रहे हैं। इब्राहिम अली खान भी अपने डेब्यू को लेकर सुर्खियों में है । बीते दिनों खबर थी कि वह जल्द धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म सरजमीन से वह एक्टिंग में कदम रखेंगे । इसमें काजोल और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में हैं । वहीं अब इब्राहिम को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है । इस बीच सैफ अली खान के लाडले बेटे इब्राहिम अली खान भी अपने डेब्यू को लेकर सुर्खियों में है। बीते दिनों खबर थी कि वह जल्द धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'सरजमीन' से वह एक्टिंग में कदम रखेंगे। इसमें काजोल और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में हैं। वहीं अब इब्राहिम को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म 'सरजमीन' को रिलीज होने में अभी वक्त है। अब खबर है कि इब्राहिम को दूसरी फिल्म भी मिल गई है। इब्राहिम 'स्त्री' फेम प्रोड्यूसर दिनेश विजन की फिल्म में नजर आएंगे। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इब्राहिम दूसरी फिल्म दिनेश विजन की मडोक फिल्म्स के साथ कर रहे हैं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का नाम 'दिलेर' है जिसे कुणाल देशमुख डायरेक्ट करेंगे। 'इब्राहिम को स्क्रिप्ट काफी पसंद आई और उन्होंने तुरंत हां कर दी। इब्राहिम के साथ बातचीत अंतिम चरण में है और वह जल्द ही इसे साइन कर लेंगे।' सूत्र ने यह भी बताया कि अभी तक एक्ट्रेस को फाइनल नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म इस साल दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी। इतना ही नहीं इस फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी। इसके अलावा कई और जगहों पर भी इस फिल्म की शूटिंग की जाएगी। सरजमीन' को डायरेक्ट करेंगे कायोज ईरानी सरजमीन नाम की इस फिल्म का निर्देशन बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी करेंगे। तो वहीं इस फिल्म को करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की कहानी को लेकर बीते दिनों खबर आई थी कि यह फिल्म डिफेंस फोर्स के इर्द गिर्द होगी। हालांकि अभी फिल्म को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी।

# रोहित शेट्टी की फटकार सुन शर्म से झुका शिव ठाकरे का सिर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 13 हर नए एपिसोड के साथ एंटरटेनमेंट का डोज लेकर आ रहा है। कंटेस्टेंट्स की मस्ती और खतरनाक स्टंट देखने वाले की दिलचस्पी बनाए रखते हैं। हालांकि, इस बार चर्चा में रोहित शेट्टी का गुस्सा चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, रोहित शेट्टी कंटेस्टेंट्स की चालाकी पर बौखला गए। खतरों के खिलाड़ी 13 का एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें रोहित शेट्टी खिलाड़ियों से बेहद खफा नजर आ रहे हैं। वीडियो में होस्ट अर्चना गौतम को फटकार लगा रहे हैं, क्योंकि वो बार-बार पानी से जुड़े



टास्क को करने से मना कर दे रही हैं और वो भी चलते टास्क के बीच में। 13 खतरों के खिलाड़ी 13 के होस्ट कंटेस्टेंट को सारे नियम फॉलो करवाने की कोशिश करते हैं। हालांकि कई बार खिलाड़ियों की बचकानी हरकत देख उनका गुस्सा सातवें आसमान पर भी पहुंच जाता है। अब एक बार फिर ऐसा ही नजारा देखने को मिला। इस होस्ट को गुस्सा अर्चना गौतम ने दिलाया लेकिन बीच में शिव ठाकरे फंस गए। रोहित ने कहा, ठअर्चना चल क्या रहा, हम आपको पागल लगते हैं क्या..हमारी टीम इतनी मेहनत से टास्क डिजाइन करती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।